डाक पंजीकरण संख्या बी.एस.टी.६२ आर.एन.आई.संख्या ४०३६७/८४ नेट संस्करण www.awajdarpan.com पर पढ़ें

साप्ताहिक

# आवाज दर्पण

प्रत्येक रविवार

बस्ती (उ.प्र.) वर्ष ४९ अंक २२ रविवार १९ मई से २५ मई २०२४ मूल्य तीन-रुपये

## पंजे और साईकिल के सपने टूट गये अब विदेश यात्रा की तैयारी– मोदी



**लखनऊ (आभा)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें बताया गया है कि लोकसभा चुनाव के बाद विदेश यात्रा के लिए उनके टिकट बुक हो गए हैं। प्रधानमंत्री ने फतेहपुर में एक रैली में कहा, ''पंजे और साइकिल के सपने टूट गए, खटाखट खटाखट, अब 4 जून के बाद की प्लानिंग हो रही है कि हार का ठीकरा किसपर फोड़ा जाए, खटाखट खटाखट, मुझे तो कोई बता रहा था कि विदेश यात्रा का टिकट भी बुक हो गया है, खटाखट खटाखट।''

पीएम मोदी ने अपना हमला जारी रखते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस का कोई अस्तित्व नहीं है। उन्होंने कहा, 'पूरी कांग्रेस एक परिवार के सम्मान की रक्षा में लगी हुई है। लेकिन फिर भी, दो लड़कों की साझेदारी हर चुनाव में शुरू हो जाती है क्योंकि सपा और कांग्रेस दोनों की अनुकूलता एक दूसरे से मेल खाती है क्योंकि दोनों परिवार के लिए समर्पित हैं, दोनों भ्रष्टाचार के लिए राजनीति में हैं। दोनों अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए कुछ भी कर सकते हैं, दोनों अपराधियों और माफियाओं को बढ़ावा देते हैं, और सपा और कांग्रेस दोनों आतंकवादियों के प्रति समान रूप से सहानुभूति रखते हैं।''

रैली में पीएम मोदी ने आगे कहा, 'सपा का माफिया प्रेम अभी खत्म नहीं हुआ है, उनकी पार्टी के मुखिया माफिया की कब्र पर फतिया पढ़ रहे हैं। पाकिस्तान हमारे देश पर हमला करता था, कांग्रेस उन्हें क्लीन चिट देती थी और उन्होंने एक झूठी कहानी बुनी है 'भगवा आतंकवाद' की।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार तो सपा–कांग्रेस ने चुनाव से पहले ही इरादे साफ कर दिए हैं। कांग्रेस कह रही है कि वो सबकी संपत्ति की जांच कराएगी। फिर वो आपकी संपत्ति में से एक हिस्सा, उनके लिए वोट जिहाद करने वाले वोटबैंक को दे देंगे।

पीएम मोदी ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर ने धर्म के आधार पर आरक्षण का घोर विरोध किया था और संविधान सभा ने भी तय किया था कि हमारे देश में कभी भी धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होगा। लेकिन, जहां कांग्रेस सरकार है, वहां ये लोग दलितों और पिछड़ों का आरक्षण कम करके मुसलमानों को दे रहे हैं। अब ये लोग संविधान बदलकर एससी–एसटी–ओबीसी का पूरा आरक्षण मुस्लिमों को देना चाहते हैं। मैंने समाजवादी पार्टी से कहा था कि आप तो पिछड़ों की राजनीति करते हो, पिछले दरवाजे से पिछड़ों का आरक्षण लूटने का जो जाल बिछाया जा रहा है, जरा उसका विरोध तो कीजिए। लेकिन ये सपा वाले मुंह पर ऐसा ताला लगाकर बैठ गए कि वो बोलने को भी तैयार नहीं है।

## गृहमंत्री अमित शाह की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हुए मनोज पाण्डेय



**रायबरेली (आभा)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के लोग कह रहे हैं कि हम सत्ता में आएंगे तो राम मंदिर की पुनः प्राण प्रतिष्ठा करेंगे। यह लोग पुनः प्राण प्रतिष्ठा के नाम पर राम मंदिर में ताला लगवा देंगे। इंडिया गठबंधन कांग्रेस पार्टी का पारिवारिक गठबंधन है। इसमें शामिल लालू अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं। ममता बनर्जी अपने भतीजे को मुख्यमंत्री बनना चाहती है। सोनिया गांधी अपने बेटे को प्रधानमंत्री बनना चाहती है।

गृहमंत्री अमित शाह जगतपुर ब्लॉक के दौलतपुर में भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी और दिनेश प्रताप सिंह के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस रैली में ही सपा से विधायक रहे मनोज पांडेय भाजपा में शामिल हो गए। इस मौके पर उनके साथ कई ब्लॉक प्रमुख भी भाजपाई हो गए। अमित शाह ने कहा कि शाह ने कहा कि यह लोग कहते हैं कि रायबरेली सीट उनकी पारिवारिक सीट है। कोई पारिवारिक सीट नहीं है। यह सीट रायबरेली और अमेठी के लोगों की है। वह जिसे चाहेंगे, उसको चुनेंगे, उसे संसद में भेजेंगे।

इस बार अमेठी से स्मृति जुबिन ईरानी और रायबरेली से दिनेश प्रताप सिंह दोनों चुनाव जीतकर संसद पहुंचेंगे, यह मेरा दावा है। कांग्रेस वाले व कांग्रेस के नेता मणि शंकर अय्यर, फारूक अब्दुल्ला, पाक अधिकृत कश्मीर को पाकिस्तान का बताते हैं। मैं उनको बताना चाहता हूं कि पाक अधिकृत कश्मीर भारत का था भारत का रहेगा उसे भारत से कोई नहीं छीन पाएगा। जल्द ही उसे भारत में मिलाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने 370 को समाप्त किया। कांग्रेस उसे वापस लाना चाहती है लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि 140 करोड़ की जनता का नेतृत्व कर रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मोदी के 56 इंच के सीने के सामने किसी की हिम्मत नहीं है कि वह आंख उठाकर देखें।

उन्होंने कहा कि मैं राहुल बाबा को बताना चाहता हूं कि पाक अधिकृत कश्मीर वापस लेंगे। भाई नरेंद्र मोदी जी लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे, लेकिन उन पर कोई भी आरोप नहीं लगा। कांग्रेस ने देश को लूटने का काम किया है। राहुल बाबा कान खोलकर सुन लो भ्रष्टाचार करने वाले नेता जेल जाएंगे। मोदी सरकार उन्हें किसी भी कीमत पर नहीं बख्शेगी।

उत्तर प्रदेश में नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में विकास हुआ। कल कारखाने लगे। उद्योग लगे। लोगों को रोजगार मिला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी विकास कर रहे हैं तो नीचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी गुडों का सफाया कर रहे हैं। परिवारवाद की बात कहते हैं 70 सालों में अमेठी में कलेक्ट्रेट ऑफिस नहीं बना। स्मृति ईरानी जी जब वहां से सांसद बनी। योगी आदित्यनाथ जी की सरकार ने वहां पर कलेक्टर ऑफिस बनवाया। मैंने खुद उसका भूमि पूजन किया था। गांधी परिवार यहां लोगों को अपना मानते हैं। एनटीपीसी में 200 से ज्यादा लोगों की मौत हुई लेकिन सोनिया गांधी उनको देखने तक नहीं गई।

## इंडिया गठबंधन की रैली में बोलीं सोनिया गांधी –अपना बेटा आपको सौंप रही हूं, राहुल निराश नहीं करेंगे



**रायबरेली (आभा)।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने इंडिया गठबंधन की संयुक्त रैली को संबोधित करते हुए रायबरेली की जनता को संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मेरा आंचल आपके प्रेम और आर्शीवाद से जीवनभर भरा रहा। आपके प्रेम ने मुझे कभी भी अकेले नहीं पड़ने दिया। मेरा सब कुछ आपका दिया हुआ है। मैं आपको अपना बेटा सौंप रही हूं। जैसे आपने मुझे अपना माना वैसे ही आपको राहुल को अपना मान कर रखना है, राहुल आपको निराश नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि अमेठी–रायबरेली से हमारा रिश्ता 103 साल पहले किसान आंदोलन के समय से शुरू होता है और अब मैं अपना राहुल आपको सौंप रही हूं। इस दौरान सोनिया गांधी के साथ मंच पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी भी मौजूद रहीं। सोनिया गांधी ने कहा कि आपने मुझे सेवा करने का अवसर दिया। यह मेरे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। रायबरेली और अमेठी मेरा परिवार है। पिछले 100 साल से हमारे परिवार की जड़ें इस मिट्टी से जुड़ी हुई हैं। गंगा मां की माटी से रिश्ता रहा है। इंदिरा जी के दिल में रायबरेली के लिए एक अलग जगह थी। उनके मन में आपके प्रति असीम लगाव था। मैंने राहुल और प्रियंका को वही सीख दी है जो इंदिरा जी ने मुझे दी थी। सबका आदर करो। अन्याय और अधिकार की रक्षा के लिए जिससे भी लड़ना पड़े उससे लड़ो। आपके प्रेम ने मुझे कभी अकेले नहीं पड़ने दिया। मेरा सब कुछ आपका है। आईटीआई मैदान में गठबंधन की सेवा संकल्प सभा में कांग्रेस और सपा ने मिलकर ताकत दिखाई। महंगाई से लेकर इलेक्टोरल बांड तक के मुद्दों पर भाजपा पर निशाना साधा। जनसभा को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि पूरा देश देख रहा है। यह समाजवादी और कांग्रेस के कार्यकर्ता एक सैलाब बन गए हैं। पूरे देश को दिखाया है कि पूरे दिल से आप लगे हैं। परिश्रम किया है, यह रायबरेली क्षेत्र है। मेरे परिवार का रायबरेली से गहरा रिश्ता रहा है। इस रिश्ते को अटूट बनाने के लिए राहुल गांधी मैदान में हैं। दस साल से गरीब, किसान, मजदूर, महिलाएं परेशान हैं। जन जन की पुकार थी कि आपकी सुनवाई हो लेकिन नरेंद्र मोदी की सरकार में कोई सुनवाई नहीं हुई। आज इस देश में आंधी उठी है कि सत्ता से तानाशाही सरकार को हटाया जाए। रायबरेली की जनता ने 100 साल पहले आवाज उठाई थी। एक बार फिर रायबरेली देश को सत्ता परिवर्तन के लिए आवाज दे रहा है। सभा को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा जनसमर में बड़ी संख्या में सभी पदाधिकारी दिखाई दे रहे हैं। जहां से मैं चला हूं। लगातार सड़कों पर सैलाब दिखाई दे रहा हैं। पंडाल के बीच लोग दिखाई दे रहे हैं। यह जनसैलाब फैसला कर रहा है कि राहुल गांधी न केवल जीतेंगे बल्कि रिकार्ड जीत होगी। रायबरेली की यही राय है कि भाजपा यहां से जाए। देश के एक नेता हैं जो हर जगह अपना झूठा रिश्ता निकाल लेते हैं। वह भी देख लें और सुन लें कि राहुल का सच्चा रिश्ता रायबरेली से है। उन्होंने कहा कि एक और एक ग्यारह होता है और भाजपा नौ दो ग्यारह हो गई है। चार चरणों में भाजपा चारों खाने चित हो गई है।

सीधा साधा सच्चा लिख,जो भी लिख, पर पक्का लिख।
मत लिख इनके–उनके जैसा, केवल अपने जैसा लिख।।

– बालसोम गौतम

डाक पंजीकरण संख्या बी.एस.टी.62 R.N.I. 40367/84

साप्ताहिक
आवाज दर्पण
प्रत्येक रविवार

# उदासीन मतदाता

राजनीतिक दलों और लोकतंत्र के अनुरागियों के लिये यह गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए कि आखिर चरण–दर–चरण मतदान में कमी क्यों देखी जाती रही है। निश्चित रूप से मतदान प्रतिशत में कमी चुनाव आयोग के लिये भी मंथन का विषय होना चाहिए। अब तक हुए चार चरणों में हुए मतदान के प्रतिशत में पिछले आम चुनाव के मुकाबले कमी देखी गई है। इस कमी के रुझान ने सत्ता के आकांक्षी राजनीतिक दलों की नींद उड़ायी है। हालांकि, सत्ता पक्ष व विपक्ष मतदान में कमी की अपनी सुविधा से व्याख्या कर रहे हैं। सत्ता पक्ष के नेता कह रहे हैं कि वोट विपक्षी दलों के घटे हैं। वहीं विपक्ष इसकी व्याख्या सत्ता पक्ष से मोहभंग के रूप में कर रहा है। कुछ लोग मतदान में कमी की वजह गर्मी व प्रतिकूल मौसम को बता रहे हैं। तो कुछ लोग कह रहे हैं, जब पहले ही कहा जा रहा था कि अबकी बार फलां आंकड़ा पार तो फिर ज्यादा मतदान की क्या आवश्यकता है। बहरहाल, मतदान में कमी को राजनेताओं के प्रति घटते विश्वास के रूप में भी देखा जाना चाहिए। दरअसल, कथनी–करनी के फर्क से जनता राजनेताओं से इतनी खिन्न हो चुकी है कि वह नेताओं के वायदों–इरादों पर विश्वास करने से गुरेज करती है। बार–बार छलने से उसका राजनेताओं से मोहभंग होता जा रहा है। दरअसल, सत्ता केंद्रित राजनीति के चलते सत्ता के दंभ से लेकर दल–बदल और सरकारें बनाने–गिराने के खेल से देश का जनमानस व्यथित है। आये दिन लगने वाले आरोप–प्रत्यारोप व नकारात्मक राजनीतिक हथकंडों ने बार–बार जनता का मोह भंग ही किया है। उसे लगता है कि क्या मेरे मतदान कुछ बदलेगा भी? एक राजनेता एक बार किसी दल से चुनाव लड़ता है और फिर पाला बदलकर दूसरे दल में चला जाता है, उससे क्या लोकतंत्र का भला होगा? ऐसे ही कई सवाल मतदाता को आये दिन हैरान–परेशान करते रहते हैं। जिसका असर कालांतर मतदान प्रतिशत पर भी पड़ता है। बहरहाल, जम्मू–कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटने के बाद हुए पहले मतदान में प्रतिशत का अधिक रहना सुखद ही है। जो घाटी के लोगों के लोकतांत्रिक प्रक्रिया में विश्वास बढ़ने को दर्शाता है। कालांतर ये इस केंद्रशासित प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलवाने और यथाशीघ्र विधानसभा चुनाव करवाने का मार्ग भी प्रशस्त करेगा। बहरहाल, पूरे देश में चुनाव प्रतिशत में कमी के रुझान पर चुनाव आयोग को भी गंभीर मंथन करना चाहिए कि मतदान बढ़ाने के लिये देशव्यापी अभियान चलाने के बावजूद वोटिंग अपेक्षाओं के अनुरूप क्यों नहीं हो पायी। वहीं राजनीतिक दलों को भी आत्ममंथन करना चाहिए कि मतदाता के मोहभंग की वास्तविक वजह क्या है। उन्हें अपनी रीतियों–नीतियों तथा घोषणापत्रों की हकीकत को महसूस करना होगा। यह भी कि जनता में यह धारणा क्यों बन रही है कि वायदे सिर्फ वायदे बनकर ही रह जाते हैं। कुल मिलाकर देश में राजनीतिक धारा को लेकर जनता में जो अविश्वास गहरा हो रहा है, उसे यदि समय रहते दूर करने का प्रयास न किया गया तो आने वाले समय में उसके नकारात्मक परिणाम सामने आ सकते हैं। राजनीतिक दलों को एक –दूसरे पर आक्षेप करने का अधिकार है, लेकिन गरिमा बनी रहे। नेताओं को फेक न्यूज का सहारा लेने से बचना चाहिए। आरोपों के स्तर में लगातार आ रही गिरावट भी गंभीर चिंता का विषय है। इससे धीरे–धीरे जनप्रतिनिधियों व जनता के बीच दूरी बढ़ती जा रही है। जो विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की प्रतिष्ठा के अनुरूप कदापि नहीं कहा जा सकता। इसके साथ ही यह भी चिंतन करना होगा कि आजादी के साढ़े सात दशक बाद भी क्यों हम आम मतदाता को इतना जागरूक नहीं कर पाये कि वो वोट डालने को अपना नैतिक दायित्व मान सके। आंध्र प्रदेश की वे घटनाएं विचलित करती हैं जिसमें कुछ मतदाताओं ने मतदान की पूर्व संध्या पर हंगामा किया कि उन्हें वोट के बदले मिलने वाले रुपये कम मिले या नहीं मिले। इसी तरह आंध्र प्रदेश में ही एक रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने वोट के बदले कॉलोनी के लिये जनरेटर आदि की मांग की। निस्संदेह, बेशकीमती वोट की ऐसी सौदेबाजी भी हमारी गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए।

# झूठे वायदों पर कितना भरोसा

– ललित गर्ग–



लोकसभा चुनाव के चार चरण पूरे हो गये हैं, पांचवें चरण की ओर बढ़ते हुए चुनावी सरगर्मी बढ़ रही है। तमाम राजनीतिक दलों में वास्तविकता से दूर झूठे, तथ्य–आधारहीन, भ्रामक एवं बेबुनियाद वादे करने की आपसी होड़ बढ़ती जा रही है। राजनीतिक दल चार चरणों के बाद जिस तरह के जीत के तथ्य प्रस्तुत कर रहे हैं, वह हास्यास्पद एवं अविश्वसनीय है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के 4 चरण पूरा होने के बाद विपक्षी 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' यानी इंडिया गठबंधन मजबूत स्थिति में है और चार जून के बाद सरकार बनाएगा। इसी तरह ममता बनर्जी, अरविन्द केजरीवाल एवं अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी की करारी हार की बात कही है। वर्ष 2019 के चुनाव के दौर भी इन नेताओं ने ऐसे ही बयान दिये थे, जो चुनाव परिणाम के बाद झूठे साबित हुए। इस तरह के अतिश्योक्तिपूर्ण, आधे–अधूरे, सत्यता से परे के बयानों से राजनीतिक दलों की विश्वसनीयता अपने निचले पायदान पर पहुंच चुकी है और तेजी से घट रही है। जिस प्रकार विभिन्न दलों के नेताओं की भाषा, बयान एवं लोकलुभावन वायदे निम्न स्तर पर पहुंच रहे है, उसे देखकर कहा जा सकता है कि हमारे लोकतंत्र का स्वास्थ्य कहीं–ना–कहीं खराब जरूर हो रहा है।

आम आदमी पार्टी (आप) के वादे और उनके काम के बीच फासला लगातार बढ़ता रहा है, देश की भोली भाली जनता को आपका बेटा, आपकी बेटी कहकर सहानुभूति पाने की उसकी कुचेष्ठाओं का पर्दाफाश पहले ही हो गया है। 'आप' ने अपने कामकाज के तरीके में पूरी पारदर्शिता का वादा किया था, लेकिन लोकसभा के लिए उम्मीदवारों के चयन में इसका ख्याल नहीं रखा गया है। हाल ही में पंजाब की चुनावी सभाओं में पार्टी नेता अरविन्द केजरीवाल ने बृजभूषण पर तो गंभीर आरोप लगाते हुए भाजपा को दागगार घोषित किया लेकिन वे अपने ही मुख्यमंत्री निवास पर राज्यसभा सांसद एवं पूर्व दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाती मालीमाल के साथ हुई मारपीट एवं अशिष्टता को भूल गये। निश्चित ही आप की कथनी और करनी में गहरा फासला है। इन्हीं केजरीवाल ने जनता को गुमराह करने एवं ठगने के लिये पिछले गुजरात के विधानसभा चुनाव में प्रचार के दौरान एक सादे कागज पर अपने हस्ताक्षर करते हुए गुजरात में आप की सरकार बनने का दावा किया, जबकि उन चुनावों में आप के 4–5 सीटों पर जीत के अलावा सभी सीटों पर आप उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गयी थी। एक बार फिर इन लोकसभा चुनावों में वे ऐसा ही करते हुए झूठे दावे कर रहे हैं। इससे आप पार्टी की विश्वसनीयता एवं पारदर्शिता के दावों पर सवालिया निशान लग रहे हैं।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हाल ही में दावा किया है कि उनकी पार्टी 2009 के आम चुनाव से बेहतर प्रदर्शन करेगी। यह दावा वास्तविकता से कोसों दूर है और राजनीतिक हलकों में उपहास का विषय बन गया है। जब कांग्रेस ने इन चुनावों में कोई लक्ष्य ही तय नहीं किया है तो कौन से लक्ष्य को पाने एवं जीत की बात कांग्रेस कर रही है? जैसे भाजपा ने 400 पार का लक्ष्य बनाया है, क्या कांग्रेस का ऐसा कोई लक्ष्य है? पार्टी के कार्यकर्ता बिना लक्ष्य के किसे अपना मिशन बनाये? कांग्रेस का एक दावा ये भी है कि वो लोकसभा में साफ सुथरी छवि वाले उम्मीदवारों को उतार रही है लेकिन वास्तविकता इसके उलट है। कई उम्मीदवारों को भ्रष्टाचार के उन आरोपों के बाद भी टिकट दिए गए हैं जिसकी जांच सीबीआई कर रही है। हाल के दिनों में, प्रत्येक राजनीतिक दल के घोषणापत्र में वादों की लंबी चौड़ी फेहरिस्त सामने आयी है। जबकि अतीत में किए उनके काम बताते हैं कि सत्ता में आने के बाद वे अपने घोषणा पत्र के कुछ ही हिस्सों को लागू कर पाते हैं। जो सत्ता में नहीं आ पाते वो अपने घोषणापत्र को कूड़े के डब्बे में डाल देते हैं। विडम्बना तो यह भी है कि जिन दलों को चुनाव जीतने की आशा नहीं है, वे बेतूके वायदे एवं घोषणाएं करके आम मतदाता को भ्रमित करते हैं। शुरुआत से ही राजनीतिक दल वादे इसलिए करते हैं कि लोग उन्हें सत्ता की चाभी सौंपें। लेकिन चुनावी मौसम में राजनीतिक दल और राजनेता अपने अपने कामों के बारे में बढ़ चढ़कर दावे करते हैं और उन्हें भरोसा रहता है कि मासूम और भोली जनता उनके दावों पर यकीन कर लेगी, इसलिए वे लुभावने वादों की झड़ी लगा देते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने उत्तरप्रदेश की एक सभा में चार चरण पूरे होने के बाद भाजपा के 5 किलो मुफ्त अनाज की जगह 10 किलो मुफ्त अनाज की घोषणा कर है। बेवक्त पर की गयी यह घोषणा भी पार्टी की अपरिपक्वता को उजागर कर रही है। हालांकि ऐसे वादे हमेशा खाली जाते हैं या अधूरे रहते हैं। वादे करने का मतलब उसे पूरा करना ही नहीं होता। अतीत में, कांग्रेस की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने गरीबी हटाओ के नारे के साथ 1971 का चुनाव जरूर जीता था। लेकिन लगातार दो बार सत्ता में आने के बाद भी देश से गरीबी नहीं हटी क्योंकि ज्यादातर सरकारी योजनाएं आम गरीबों तक पहुंची ही नहीं। अतीत गवाह है विगत दावों और वादों की हकीकत का। हालांकि यह देखना बाकी है कि किसने सबक लिया और कौन अपने वादों और दावों के प्रति गंभीर रहेगा।

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे और समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने राजधानी लखनऊ में एक ज्वाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सपा प्रमुख ने दावा किया कि विपक्षी इंडिया' गठबंधन उत्तर प्रदेश में 79 लोकसभा सीटें जीतेगा, और सिर्फ एक सीट पर ही मुकाबला है। ऐसे अतिश्योक्तिपूर्ण बयान कभी सच होते हुए नहीं देखें गये हैं। निश्चित ही चुनाव परिणाम भविष्य के गर्भ में है एवं इसकी 4 जून को घोषणा सभी के लिये आश्चर्यकारी एवं चमत्कृत करने वाली होगी। देश का अगला प्रधानमंत्री चुनने के लिए चार चरणों की वोटिंग पूरी हो चुकी है। लोकसभा की कुल 543 सीटों में 380 सीटों के लिए वोट डाले चुके हैं। इन चार चरणों की वोटिंग के बाद हर राजनीतिक दल हवा का रुख भांपने को कोशिश कर रहा है लेकिन उनका यह आकलन सत्य से परे हो, बिलकुल ही आधारहीन हो, इसे लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिये अनुकूल नहीं माना जा सकता। यहां सत्ताधारी भाजपा से लेकर विपक्षी कांग्रेस सभी अपनी–अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इन चार चरणों में 270 सीटें जीतने का दावा करते हुए 400 का टार्गेट आसानी से पूरा करने की बात कही, वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इंडिया गठबंधन की सरकार बनने का दावा किया है।

भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जो वायदें किये, उन्हें पूरा किया। 1990 के दशक और 21वीं शताब्दी के शुरुआती सालों में भारतीय जनता पार्टी अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनाने के वादे के साथ सत्ता में आई एवं उसने मन्दिर बना दिया। भाजपा ने खुद्द को पार्टी विद डिफरेंस कहकर भी प्रचारित किया और जम्मू कश्मीर के विशेष दर्जे को खत्म करने का वादा भी किया। उसने वह भी पूरा किया। पिछले 10 वर्षो में देश ने विकास की जो रफ्तार पकड़ी है, उसे देश एवं दुनिया खुली आंखों से देख रही है। फिर भी चुनाव का समय मतदाताओं के जागने एवं विवेक से अपना मतदान करने की अपेक्षा करता है।

# अनुप्रिया पटेल ने किया मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का आवाहन

**संवाददाता–बस्ती।** लोकसभा चुनाव की को देखते हुये दलों के वरिष्ठ नेताओ की जनसभा तेज हो गई है इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी हरीश द्विवेदी की जीत के लिये शुक्रवार को कप्तानगंज विधानसभा के बेलवरिया जंगल हलुआ में केंद्र सरकार की वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री व अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल की जनसभा हुई।



अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश के मतदाताओं के पास एक अहम मौका है। अपनी आने वाली पीढ़ियों का भविष्य गढ़ने का। अपनी किस्मत अपने हाथ रचने का। मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाकर देश को मजबूत करें। अनुप्रिया पटेल शुक्रवार को कप्तानगंज विधानसभा क्षेत्र के कस्बा हलुआ स्थित रानीपुर बाबू के मैदान में भाजपा प्रत्याशी हरीश द्विवेदी के समर्थन में आयोजित जनसभा में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि बीते 10 सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तरक्की की नई राह पर है। भारत की कीर्ति पूरी दुनिया में है। अन्य देश भारत के नक्शे कदम पर चलना चाहते हैं। देश में ऐसी सरकार है जो किसी देश की युद्ध भूमि से भारत के नागरिक को सुरक्षित ले आती है। इसलिए वोट डालने जाएंगे तो अपने दिल पर हाथ रखकर बीते 10 साल व 70 साल की तुलना कर लेना। अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने कहा कि देश में जब से एनडीए की सरकार आई है तब से कोई भी गांव व घर ऐसा नहीं जहां केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थी न हों। हमारी सरकार ने गरीबों को पक्का घर, इज्जत घर, निःशुल्क खाद्यान्न, रसोई गैस सिलेंडर, किसानों को सम्मान निधि सहित तमाम योजनाओं से लाभान्वित कर 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की पांच सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन चुका है। अगले पांच सालों में हमारा देश विश्व के तीन विकसित राष्ट्रों में शामिल होगा। इस दौरान उन्होंने भाजपा पार्टी प्रत्याशी हरीश द्विवेदी के समर्थन में पार्टी के निशान कमल को कप प्लेट मान कर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। सांसद हरीश द्विवेदी ने कहाँ की कहा कि प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता के कारण ही आज पूरे विश्वक में भारत को सम्मा न मिला है। उनके दृष्टिकोण से देश को आज ये मुकाम हासिल हुआ है। हम बस्ती की लोकसभा सीट जीतेंगे और पीएम मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएंगे। इन चुनावों में सबसे बड़ा मुद्दा विकास है जो केंद्र की प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने 10 साल के कार्यकाल में और प्रदेश की 7 साल से ज्यादा की सरकार ने देशहित में किया है। यही कारण है कि आज मोदी की गारंटी के साथ जनता की गारंटी है।

जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ आज पूरा देश खड़ा है। वे प्रचंड बहुमत से तीसरी बार देश का नेतत्वि करेंगे। पीएम मोदी ने जन कल्या ण की हर वर्ग के लिए योजनाएं चलाई और इसका लाभ हर वर्ग के लोगों को मिल रहा है।

इस मौके पर लोकसभा संयोजक के डी चौधरी, विधानसभा प्रभारी यशकांत सिंह, विधानसभा संयोजक सुखराम गौड़, राधेश्याम कमलापुरी, जटाशंकर शुक्ल, अपना दल के जिलाध्यक्ष राजमणि पटेल, राना नागेश सिंह, भानु प्रकाश मिश्र विनोद सिंह, निर्मल सिंह, उमाशंकर पटवा, मंडल अध्यक्ष विजय गुप्ता, राम नयन पटेल, सुखराम पटेल, अमित शुक्ल, रामकुमार पटेल, संजय चौधरी, महिपाल पटेल, पूर्व प्रमुख अरविंद सिंह, चेयरमैन प्रबल मलानी, वरुण पाण्डेय सहित काफी संख्या में भाजपा व अपना दल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व आमजन मौजूद रहे।

# भाजपा की जीत के लिये पूर्व विधायक दयाराम चौधरी ने झोंकी ताकत



**संवाददाता–बस्ती।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक दयाराम चौधरी ने लोकसभा के चुनाव में लोकसभा प्रत्याशी हरीश द्विवेदी को तीसरी बार सांसद बनाने के लिये ताकत झोंक दिया है। शुक्रवार को उन्होने पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों के साथ नगर पंचायत गनेशपुर क्षेत्र में घर–घर जाकर और दूकानों, प्रतिष्ठानों पर भाजपा प्रत्याशी की जीत के लिये सघन सम्पर्क किया। सम्पर्क के दौरान पूर्व विधायक दयाराम चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कल्याणकारी नीतियों का परिणाम हैं कि मतदाता जाति, धर्म क्षेत्रवाद को नकारकर भाजपा के पक्ष में खड़े है। जनता विकास चाहती है। देश के लगभग 80 करोड़ जनता को निःशुल्क खाद्यान्न, बेहतर सड़के, बिद्युत आपूर्ति, 5 लाख रूपये का स्वास्थ्य बीमा और 70 वर्ष के बुर्जुगों के निःशुल्क इलाज का निर्णय लेकर भाजपा ने मतदाताओं का दिल जीत लिया है। उन्होने दावा किया कि अपने जनहितकारी नीति और कार्यक्रम के तहत केन्द्र में भाजपा गठबंधन की तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी और नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनकर देश के विकास को गति देंगे। मतदाताओं से सम्पर्क के दौरान भाजपा नेता दयाराम चौधरी के साथ मुख्य रूप से दीपू श्रीवास्तव, राजन श्रीवास्तव, अर्जुन चौधरी, गजेन्द्र चौधरी, अर्जुन यादव, जगदम्बा चौधरी, महेन्द्र ,रविन्द्र मिश्रा ,पवन मिश्रा, अर्जुन यादव, परशुराम यादव, आशीष चौधरी, राजन पाण्डेय, चन्द्रभान,मनीष चौधरी आदि कार्यकर्ताओं के साथ ही स्थानीय नागरिक शामिल रहे।

# बस्ती-सोनूपार मार्ग के लिए 2.57 करोड़ आवंटित

**संवाददाता–बस्ती।** जिला अस्पताल चौराहे से कैली अस्पताल होते हुए सोनूपार रामपुर देवरिया मार्ग के शेष भाग के चौड़ीकरण व सुदृढीकरण के लिए शासन की ओर से 2.57 करोड़ का आवंटन किया गया है। लोक निर्माण विभाग के निर्माण खंड एक के तहत यह कार्य कराया जा रहा है। अवर अभियंता अभिषेक सिंह का कहना है कि बजट आवंटन के बाद जल्द ही शेष कार्य शुरू करा दिया जाएगा। जिला अस्पताल चौराहे से रामपुर देवरिया को जोड़ने वाले मार्ग पर मेडिकल कॉलेज व ओपेक अस्पताल कैली पड़ता है। इस मार्ग से होकर प्रतिदिन हजारों की संख्या में दो पहिया व चार पहिया वाहन गुजरते हैं। इसी मार्ग पर कई शिक्षण संस्थान व निजी अस्पताल हैं। यह मार्ग कई मुख्य गांव कस्बों को भी जोड़ता है। मार्ग के चौड़ीकरण कार्य के लिए 2354.75 लाख का बजट निर्धारित करते हुए अब तक कुल 325 लाख का आवंटन किया जा चुका है। इससे मार्ग चौड़ीकरण का कार्य कराया जा रहा है। बजट के अभाव में कार्य ठप था। आठ मई को शासन स्तर से 257.85 लाख रुपये का आवंटन कर दिया गया है।

# एलआईसी व एसबीआई को नोटिस जारी

**संवाददाता–बस्ती।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष अमरजीत वर्मा, सदस्य अजय प्रकाश सिंह की पीठ ने एलआईसी के शाखा प्रबंधक व एसबीआई कोर्ट एरिया के शाखा प्रबंधक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। पीठ ने 20 मई को शपथ–पत्र के साथ आख्या प्रस्तुत करने को कहा है। न्यायालय ने पांच जनवरी 2024 को जगदीश प्रसाद शुक्ला बनाम भारतीय जीवन बीमा निगम बस्ती का परिवाद जगदीश के पक्ष में निर्णीत किया था। निर्णय के अनुपालन में बीमा कम्पनी की ओर से 5 लाख 4666 रुपये का चेक जारी किया गया। भुगतान के लिए चेक लगाए जाने पर वह बाउंस हो गया।

भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक ने चेक बाउंस के बारे में जो रिपोर्ट दी गई उस पर कोई हस्ताक्षर नहीं किया था। न्यायालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए दोनों के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी किया है। अदालत ने अपने आदेश में लिखा है कि क्यों न आपके विरुद्ध उपरोक्त प्रकरण में अवमानना का मुकदमा पंजीकृत कर लिया जाए। अगली सुनवाई की तारीख 20 मई तय की गई है।

# बनो देश के भाग्य विधाता, अब जागो प्यारे मतदाता

**संवाददाता–श्रावस्ती।** स्वीप कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को कंपोजिट विद्यालय जमुनहा के छात्र–छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। रैली का शुभारंभ ग्राम प्रधान हरिद्वार ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर छात्रों ने जमुनहा बाजार एवं बरगदहा के विभिन्न मार्गो से होते हुए विभिन्न फिर से स्कूल परिसर में सम्पन्न हुई। रैली में छात्रों ने अपने हाथों में बैनर ले रखा था। जिसमें स्लोगन जैसे सारे काम छोड़ दो,सबसे पहले वोट दो। अंकल आंटी मान जाओ,वोट डालने की कसम खाओ। छोड़ो अपने सारे काम, पहले चलो करें मतदान। बनो देश के भाग्य विधाता, अब जागो प्यारे मतदाता आदि लिखे थे। इसके बाद मतदाताओं को जागरूक करने के लिए माता समूह एवं माता अभिभावकों ने रंगोली बनाई। रंगोली बहुत आकर्षक रही। रैली में प्रधानाध्यापक आलोक कुमार गुप्त ने छात्रों एवं उपस्थित अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि 25 मई को मतदान जरूर करें। एक एक वोट से जनप्रतिनिधि का चुनाव होता है और सरकार बनती है।

# निष्पक्ष चुनाव हुए तो भाजपा का सफाया तय इनकी नाटकबाजी जनता समझ चुकी है -मायावती

**प्रतापगढ़ (आभा)।** लोकसभा चुनाव के पांचवें और छठें चरण में पार्टी प्रत्याशियों के प्रचार के लिए बसपा सुप्रीमो मायावती ने विश्वनाथगंज रेलवे स्टेशन के समीप जनसभा को संबोधित किया। संबोधन में उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि यदि इस बार चुनाव फ्री एंड फेयर हुए, वोटिंग मशीनों में गड़बड़ी नहीं हुई तो भाजपा सरकार आसानी से नहीं बनने वाली।



जातिवादी, पूंजीवादी, संकीर्ण, सांप्रादायिक और द्वेषपूर्ण नीतियों, कथनी–करनी में अंतर होने की वजह से लगता है कि भाजपा केंद्र की सरकार में वापस नहीं आने वाली। इनकी नाटकबाजी और जुमलेबाजी को देश की जनता समझ चुकी है। अच्छे दिन जैसे हवा–हवाई वादे सहित इनके एक चौथाई वादों को जमीनी हकीकत नसीब नहीं हुई। इनका ज्यादातर समय इनके चहेते पूंजीपतियों व धन्नासेठों को मालामाल करने व हर स्तर पर बचाने में लगा रहा।

अपने संबोधन में पूर्व सीएम मायावती ने कहा, धन्नासेठों के आर्थिक सहयोग से ही भाजपा व अन्य पार्टियां अपना संगठन चलाती हैं और चुनाव लड़ाती हैं। जिसका खुलासा बांड प्रकरण में हुआ है। सुप्रीम कोर्ट के नोटिस देने के बाद इलेक्ट्रोरल बांड का खुलासा हुआ। रिपोर्ट आई तो आपको लगा होगा उसमें बीएसपी नहीं है। उसमें कांग्रेस, बीजेपी और अन्य विरोधी पार्टियां हैं। इन सबने देश के धन्नासेठों से बांड के जरिए करोड़ों–अरबों रुपया लिया है। उस रिपोर्ट में ये कहीं वर्णित नहीं है कि बसपा ने किसी भी पूंजीपति से एक भी रुपया लिया हो। इससे यह स्पष्ट है कि हमारी पार्टी पूरे देश में संगठन चलाने और चुनाव लड़ने के लिए धन्नासेठों से रुपया नहीं लेती है। बल्कि पार्टी की सदस्यता शुल्क और मेरे जन्मदिन पर थोड़ा–थोड़ा धन एकत्र करके और चुनाव के मौके पर धन एकत्र करके संगठन चलाती है। हमारी सरकार ने किसानों के हितों का भी हमने हर स्तर पर ध्यान रखा है। संबोधन में मायावती ने कहा वर्तमान केंद्र सरकार में दलितों, पिछड़ों और अल्प संख्यकों को शोषित किया जा रहा है। सरकार पूंजीपतियों के जरिए प्राइवेट कंपनियों से काम तो लिया जा रहा है लेकिन प्राइवेट सेक्टर की नौकरियो में आरक्षण का ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सच्चर कमेटी की रिपोर्ट के मुताबिक अल्प संख्यकों का विकास होना, हिंदुत्व की आड़ में बंद हो गया। उच्च जातियों में गरीब वर्ग की हालत अच्छी नहीं है। सपा की सरकार हो या भाजपा की लेकिन दोनों सरकारों ने उच्च जातियों को दुखी किया है।

# क्षय रोग के बारे में दिया जानकारी



**संवाददाता–बनकटी (बस्ती)।** शुक्रवार को सीएचसी मुंडेरवा के मीटिंग सभागार में अधीक्षक डॉक्टर राजेश कुमार के नेतृत्व में क्षय रोग टीबी और अधिक से अधिक बलगम जांच कराने पर विस्तृत समीक्षा की गई। विश्व स्वास्थ संगठन सलाहकार और जिला कार्यक्रम समन्वयक अखिलेश चतुर्वेदी ने विस्तार से जानकारी दी। बीपीएम संतोष सिंह,शशि सिंह एसटीएस धर्मेंद्र यादव और एसटीएलएस दुर्गेश उपाध्याय और सीएचओ समस्त एएनएम उपस्थित रही

# रामद्रोहियों, राष्ट्रविरोधियों की जमानत जब्त करा दो –सीएम योगी



**संवाददाता–बलरामपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोंडा संसदीय क्षेत्र के उतरौला विधान सभा के इटवा गांव में जनसभा कर सपा व कांग्रेस पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने लोगों से कहा कि राम द्रोहियों, राष्ट्र विरोधियों और हमारे मंदिरों पर हमला करने वाले आतंकियों के मुकदमे वापस लेने वालों, राम भक्तों पर गोली चलाने वालों की जमानत जब्त करा दो। उन्होंने कहा कि अयोध्या में 500 वर्षों का इंतजार समाप्त हुआ। रामलला विराजमान हुए, रामलला का मंदिर बनना चाहिए, इसकी रणनीति बलरामपुर जनपद में ही बनी थी। इसलिए आपका रामलला पर सबसे ज्यादा अधिकार है। क्या सपा यह काम कर पाती? यह काम हो पाया है मोदी जी के नेतृत्व के कारण। जनता जनार्दन के दम से ही असंभव काम भी संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि चार चरणों में 285 लोकसभा सीटों पर अब तक चुनाव हुए हैं और मुझे नौ राज्यों में जाने का अवसर मिला है। चारों ओर एक ही नारा है फिर एक बार मोदी सरकार... अबकी बार 400 पार। 400 पार की बात करते हैं तो लोग कहते हैं कि कैसे होगा, जनता कहती है कि जो राम को लाएं हैं, हम उनको लाएंगे। समाजवादी पार्टी व कांग्रेस के लोग राम द्रोही हैं, राम के विरोधी तो हैं ही राष्ट्र विरोधी हैं, समाज को जाति के नाम पर लड़ाने वाले हैं, यह चुनाव रामद्रोही व रामभक्तों के बीच हैं।

उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर साहब का अपमान करने वाले हैं, आरक्षण में सेंध लगाना चाहते हैं। तुष्टीकरण की नीति पर चल करके भारत के अंदर इनके द्वारा जो खेल खेला जा रहा है। वह भारत को अस्थिरता व अराजकता की ओर धकेल देगा। यह वही लोग हैं, जिन्होंने भारत के सामने, नौजवानों व नागरिकों के सामने पहचान का संकट खड़ा किया था। कांग्रेस की सरकार में भ्रष्टाचार के कारनामे रोज आते थे। सुबह उठते ही पहला समाचार भ्रष्टाचार का देखने को मिलता था, सायंकाल होते– होते आतंकी वारदात की खबर आती थी। उन्होंने कहा कि गोंडा जिले में खाद्यान्न घोटाला समाजवादी पार्टी की सरकार में हुआ था। इन लोगों ने गरीबों के राशन पर डकैती डाली, नौजवानों की नौकरी पर डकैती डाली। इनके बेटी और व्यापारी की सुरक्षा खतरे में पड़ी थी, देश के अंदर अराजकता का वातावरण पैदा हुआ था। यह लोग भारत के विकास को बाधित करने वाले हैं। गरीबों का राशन हड़पने वाले अब आटा–डाटा देने की बात करते हैं। इनका विश्वास मत करना। दूसरी तरफ मोदी के नेतृत्व में रामभक्तों की टीम खड़ी है। रामभक्तों के लिए देश सर्वोपरि है। जनता जर्नादन की सेवा महत्वपूर्ण है। रामभक्तों के लिए आत्मनिर्भर और विकसित भारत बनाना ही महत्वपूर्ण है इसलिए रामभक्तों में एक झटके ने देश के अंदर आतंकवाद, नक्सलवाद की समस्या का समाधान किया। दुनिया के अंदर भारत का सम्मान भी बढ़ाया है।

सीएम योगी ने कहा कि अब आप देख सकते हैं पहले कांग्रेस के समय में आतंकी विस्फोट होते थे। जब सांसद कहते थे कि आंतकियों पर कार्रवाई करो तो कांग्रेस कहती थी कि आतंकी सीमा के उस पार के हैं। अब दस वर्ष में कहीं आतंकी घटना नहीं हुई, अब कहीं पटाखा भी फट जाता है तो पाकिस्तान पहले सफाई देता है कि मेरा हाथ नहीं है। उसे मालूम है यह नया भारत है, छेड़ता नहीं है यदि कोई छेड़ता है तो छोड़ता नहीं है। यह नया भारत है यहां हाइवे है रेल है और एयरपोर्ट भी है। श्रावस्ती में एयरपोर्ट शुरू हो गया है। बलरामपुर में विश्वविद्यालय भी बन रहा है। हर जिले में मेडिकल कॉलेज हो गया है। सपा सरकार में सड़कों का क्या हाल था, पहले मैं देवीपाटन जाता था तो गोंडा से तीन घंटे लगता था, अब 45 मिनट में पहुंच रहे हैं। गरीब कल्याणकारी योजनाओं की लंबी सूची है। कार्यक्रम में भाजपा प्रत्याशी कीर्तिवर्धन सिंह के साथ ही विधायक राम प्रताप वर्मा, प्रभात वर्मा, रमापति शास्त्री, प्रतीक भूषण सिंह आदि मौजूद रहे।

# देश के रक्षा मंत्री ने कहा, पीओके के लोग भारत में चाहतें हैं विलय, अब, देश महाशक्ति बनने की तरफ



**संवाददाता–देवरिया।** भारत तेजी से विश्व की महाशक्ति बनने की दिशा में अग्रसर है। 2027 तक भारत विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगी। कांग्रेस के 52 वर्ष के शासनकाल में भारत की छवि गरीब की थी। उक्त बातें भारत सरकार के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहीं। वे शुक्रवार को देवरिया जनपद के गौरी बाजार स्थित चंद्रशेखर आजाद इंटर कालेज देवगांव के खेल मैदान में देवरिया लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि तीसरी बार सरकार बनने पर 70 वर्ष से ऊपर के प्रत्येक वर्ग के लोगों को 5 लाख रुपये तक की मुफ्त चिकित्सा की सुविधा दी जाएगी। केजरीवाल जनता को भ्रमित कर उनके आंख में धूल झोंक रहें हैं। बड़े विश्वास के साथ उन्होंने कहा कि मोदी ही देश के पीएम होंगें।

सीएम योगी के कराए जा रहे कामों को पूरा देश व विश्व समुदाय भी समझ रहा है। सरकार बनते ही पूरे देश में समान नागरिक संहिता लागू होगा। पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार ने ऐसा कार्य किया कि आज पीओके के लोग स्वयं ही भारत में विलय की मांग कर रहे हैं। भाजपा सरकार बनाने के लिए नहीं देश बनाने के लिए वोट मांग रही है। कांग्रेस देश से विलुप्त होती जा रही है। आने वाले 10 वर्ष बाद लोग कांग्रेस को भूल गए होंगे। हम जनता की आंखों में आंखें डालकर बात करने वाले लोग हैं। विपक्ष के लोग जनता की आंख में धूल झोंकने का काम कर रहें हैं।

# पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का जैन मंदिर में हुआ भव्य स्वागत



**संवाददाता–अयोध्या।** भगवान श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या दिगंबर जैन मंदिर रायगंज पहुंचे पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद हुआ भव्य स्वागत दो दिवसीय प्रवास पर अयोध्या रहेंगे पूर्व राष्ट्रपति हनुमान जी महाराज का दर्शन पूजन मां सरयू की आरती श्री रामलला के साथ ऋषभ देव भगवान का दर्शन पूजन करेंगे और 18 में को दिन में 9. 30 जैन साध्वी ज्ञानमती माताजी से आध्यात्मिक चर्चा। वंदे भारत ट्रेन से पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और उनके परिवार के साथ 80 लोगों का डेलिगेशन धार्मिक यात्रा के लिए अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पहुंचा वहां पर उनका स्वागत हुआ और वह जैन मंदिर पहुंचे लगभग 2 घंटे आराम करने के बाद पूरे परिवार के साथ मां सरयू के तट पर पहुंचे जहां दर्शन पूजन के साथ अभिषेक किया आरती उतारी और हनुमान जी के दरबार पहुंचकर हनुमान जी महाराज का दर्शन पूजन किया।

मां सरयू की नित्य आरती करने वाली संस्था आंजनेय सेवा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत शशिकांत दास ने अपनी टीम के साथ पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और उनके परिवार का अभिषेक और आरती कारण। दर्शन पूजन के उपरांत पूर्व राष्ट्रपति जैन मंदिर में ही रात्रि विश्राम करेंगे सुबह 5.30 बजे श्री राम लाल का दर्शन पूजन करेंगे मंदिर का निरीक्षण करेंगे मंदिर परिसर में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट उनका स्वागत सम्मान करेगा। विजय कुमार जैन ने बताया कि पूर्व राष्ट्रपति की यह पूर्ण रूप से धार्मिक यात्रा है जिसमें उनकी पत्नी श्रीमती सविता कोविन्द, सुपुत्री स्वाति कोविन्द पुत्र रिश्तेदार और मित्रगण सम्मिलित है। उनके स्वागत में जैन मंदिर के अध्यक्ष व पीठाधीश रवीन्द्रकीर्ति स्वामीजी एवं कमेटी के समस्त पदाधिकारी सम्मिलित होंगे। समस्त कार्यक्रम में प्रज्ञाश्रमणी आर्यिका श्री चंदनामती माताजी का मार्गदर्शन एवं सान्निध्य प्राप्त होगा।

# श्री राम नगरी को साधने में जुटे सभी दल



**संवाददाता–अयोध्या।** देश लोकसभा चुनाव के रंग में पूरी तरह रग गया है और वर्तमान समय में राजनीति का केंद्र बने हुए हैं प्रभु श्री राम और उनकी जन्मस्थली अयोध्या में फैजाबाद लोकसभा सीट पर चुनाव पांचवें चरण में है सभी पार्टियों ने अपनी ताकत अयोध्या सीट जीतने के लिए लगा दी है कुछ दिन पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में रोड शो करके यहां की जनता को साधने की कोशिश की तो वहीं इंडिया गठबंधन में शामिल समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने अयोध्या को सौहार्द की नगरी बनाने की बात कही ऐसे में मां सरयू के पावन तट पर विराजमान करतलिया आश्रम के पीठाधीश्वर महंत बाल योगी रामदास महाराज भी चुनाव में जनसभा के दौरान समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मिले जीत की शुभकामना दी और बताया कि अखिलेश यादव बड़े ही सरल हृदय के हैं हिंदू धर्म में आस्था रखते हैं लेकिन उसका प्रचार प्रसार नहीं करते। उन्होंने बताया अयोध्या के विकास की शुरूआत समाजवादी सरकार में ही हुआ था अंडरग्राउंड विद्युतीकरण पूरे शहर में सीवर लाइन समाजवादी सरकार की ही देन है। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम सबके हैं और सभी लोग उनमें आस्था रखते हैं यही कारण है कि समाजवादी पार्टी राम को राजनीति से दूर रखतीं हैं और अयोध्या को सौहार्द की नगरी के रूप में विकसित करना चाहिए है क्योंकि हमारे आराध्य प्रभुश्री राम भी श्री राम राज्य की स्थापना सबको लेकर के की थी और वर्तमान समय में इस राम राज्य की स्थापना की आवश्यकता है और यहां कार्य वही कर सकता है जो सभी को साथ लेकर के चने की क्षमता रखता हो। समाजवादी लोग हमेशा सबके साथ एक दृष्टि से कार्य करते हैं और वर्तमान समय में मतदाता शांत है कुछ भी हो सकता है। उन्होंने बताया राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के अयोध्या चुनावी सभा में हमारे साथ दर्जनों संत वहां पहुंचे और विजय का आशीर्वाद दिया।

# स्वतंत्रदेव ने किया योजनाओं का बखान, कमल खिलाने की अपील

**संवाददाता–गोण्डा।** तरबगंज विधायक आवास पर आयोजित भाजपा के कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य अतिथि जल संसाधन मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने महत्वाकांक्षी योजनाओं का बखान किया। कहा कि मोदी सरकार बनने के बाद कश्मीर के लाल चौक में तिरंगा भी लहराता है। दिल्ली की देन है कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हो गया। भाजपा जो कहती है वो करती है। उन्होंने 20 मई को करन भूषण शरण सिंह के पक्ष में मतदान की अपील की। इससे पहले विधायक प्रेम नरायन पांडेय, ब्लॉक प्रमुख मनोज पांडेय, जिपं सदस्य विनोद पांडेय व रामधोख मिश्र ने माल्यार्पण और प्रतीक चिन्ह के रूप में हनुमानजी की प्रतिमा देकर उनका स्वागत किया। अपने संबोधन ने सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा की वह बेटे करन भूषण शरण सिंह सांसद बनने के लिए आशीर्वाद मांग रहे हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधान परिषद सदस्य अवधेश कुमार सिंह उर्फ मंजू सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि नेताजी न केवल एक सफल राजनीतिक रहे हैं, बल्कि पूरे पूर्वांचल में नेताओं की नर्सरी खड़ी करने में भी उनका बहुत बड़ा योगदान रहा है।

कार्यक्रम का संचालन विधानसभा संयोजक अजय सिंह ने किया। सभा को संजय खैराती, केके श्रीवास्तव, अनुपम मिश्रा, पुनीत सिंह, ब्लॉक प्रमुख गुड्डू सिंह ने भी संबोधित किया।

# अयोध्या में बोले सीएम योगी- जब भी कांग्रेस और सपा मिलते हैं तो अपशकुन होता है





**संवाददाता–अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के अमानीगंज के निकट आयोजित जनसभा में भाजपा उम्मीदवार व सांसद लल्लू सिंह को रामभक्त बताते हुए जनसभा की शुरुआत में ही रामद्रोहियों कि जमानतें जब्त कराने की अपील की। सीएम योगी लोक परलोक को सुधारने के लिए वोट कमल पर देने की अपील कर गए।

रामभक्तों पर गोलियां समाजवादी पार्टी ने चलाई। रामभक्तों का संरक्षण होता है और माफियाओं की अंतिम यात्रा रामनाम सत्य के साथ धूमधाम से निकाल दी जाती है। सबसे बड़ा रामभक्त भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बताते हुए योगी ने पूछा कि सपा व कांग्रेस की सरकार रहते हुए क्या राममन्दिर बन पाता। पूछा कितने लोगों ने दर्शन किया। ये पीढ़ी सौभाग्यशाली है। यहां जन्म लेना और भी सौभाग्यशाली है। माफिया की भूमि नहीं महोत्सव की भूमि होगी। सपा पर हमला करते हुए कहा कि जन्मभूमि पर आतंकी हमला करने वालों का मुकदमा वापस लेने का काम अखिलेश यादव ने किया। मोदी व योगी को ताकत आपका कमल के फूल पर जाने वाला वोट देता है। आपके वोट से अयोध्या में राममंदिर का निर्माण हो गया। परलोक में पूर्वजों को भी बता सकेंगे। मोदी ने भारत का कायाकल्प किया। दुनिया का सुरक्षित देश बनाया है।

हर घर नल जल की योजना दिखाई पड़ रही है। सपा व कांग्रेस के समय राशन माफिया हावी थे। देश में 80 करोड़ लोग मुफ्त राशन पा रहे है। सरकार आपकी है उपचार का खर्चा हम उठाएंगे। गांवों में स्वच्छता है, हर घर में शौचालय है। सीएम ने कहा कि 10 करोड़ परिवार को गैस कनेक्शन मिला। चार करोड़ घर बन गए है। जितने बचे है अगले तीन वर्ष के अंदर पूरे हो जाएंगे। सपा, कांग्रेस व बसपा पर निशाना साधते हुए योगी ने तीनों को वोट कटवा बताया। बोले कि सपा कांग्रेस जब मिलते है तो अपशगुन जरूर होता है, अब फिर मिले है। गरीबी हटाओ का माडल खतरनाक है। सपा–कांग्रेस को खून चुसवा का संस्करण बताया। लल्लू सिंह का जीवन राम मंदिर के लिए समर्पित है। रुदौली विधायक रामचन्द्र यादव, लगातार चुनाव जीत रहे है, नाम ही रामचंद्र है। मिल्कीपुर के विधायक रहे गोरखनाथ बाबा पासी जाति का है।

# श्री राम आश्रम में मैथिली परंपरा से मनाई गई जानकी नवमी





**संवाददाता–अयोध्या।** भगवान श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या धाम में माता सीता के प्रति उमड़ा अनुराग, वैशाख शुक्ल पक्ष जानकी नवमी उदया तिथि शुक्रवार को मणिरामदास छावनी, आचार्य पीठ श्री लक्ष्मण किला, सिद्ध पीठ सियाराम किला श्री रामवल्लभा कुंज, जानकी घाट बड़ा स्थान, रामकोट स्थित श्री राम आश्रम सहित अयोध्या के सभी मंदिर में मनाया गया माता सीता का जन्मोत्सव। जनक नंदिनी मां जगदंबा के जन्मोत्सव पर ब्रह्म मुहूर्त से ही मंदिरों में सुबह पंचामृत से अभिषेक कर करके नवीन वस्त्र धारण कराया गया, गर्भगृह सहित मंदिर परिसर को तोरण द्वार से सजा करके बधाई गान प्रारंभ हो गया और जैसे ही घड़ी की सुइयां एक हुई दिन में 12 बजे अयोध्या के सभी मंदिरों में भाई प्रगट कुमारी भूमि बिदारी जनहित कारी .. से गूंज उठा आरती उतारी गई 56 भोग लगाया गया और प्रसाद सभी भक्तों वितरण किया गया। रामकोट मोहल्ले में स्थित श्री राम आश्रम में पीठ आदिश्वर महंत वेदांती जयराम दास महाराज के संयोजन में मिथिला पद्धति से माता सीता का भव्य जन्मोत्सव मनाया गया। ब्रह्म मुहूर्त में पंचामृत से संगोपन अभिषेक किया गया नवीन वस्त्र धारण कराया गया आरती उतारी की और 56 भोग लगाया, मंदिर परिसर में विराजमान विश्वेश्वर महादेव का भाव अभिषेक किया गया। महंत जयराम दास ने बताया कि वैशाख शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को माता सीता का जन्म मिथिला में हुआ था और हम लोग अयोध्या में मिथिला के पद्धतिसे ही जानकी नवमी पर माता–पिता का जन्मोत्सव मानते हैं शुक्रवार को भव्य जन्मोत्सव मनाया गया प्रसाद वितरण किया गया और जगत कल्याण के लिए विश्वेश्वर महादेव का अभिषेक किया गया।

# केजरीवाल फिर जाएंगे जेल –पंकज चौधरी



**संवाददाता–संतकबीरनगर।** शुक्रवार को केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने मनियरा स्थित एक रिजार्ट में आयोजित बैठक में कांग्रेस सहित समूचे विपक्ष पर हमलावर बोला। चौधरी ने कहा कि चुनाव बाद केजरीवाल फिर जेल जाएंगे। न्यायालय ने बेल दिया है आरोपों से बरी नहीं किया है। उन्होंने कहा कि दस साल पूर्व की जो सरकार थी उसके शासन काल में हर महीने एक घोटला उजागर हो रहा था। भाजपा के शासनकाल में बीते दस साल में एक भी घोटाला नहीं हुआ है। यही बात विरोधियों को परेशान कर रही है।

चौधरी ने कहा कि देश की पंचायत में 85 सांसद पिछड़ी जाति से आते हैं। 27 पिछडी जाति के मंत्री है। देश के प्रधानमंत्री भी पिछड़ी जाति से आते हैं। पिछड़ों को एकजुट होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने संविधान में साफ लिखा है कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जाना चाहिए। कांग्रेस शासित एक राज्य में एसी–एसटी, ओबीसी के आरक्षण में कटौती कर एक संप्रदाय को आरक्षण दिया है। समूची कांग्रेस एक संप्रदाय के वोट बैंक के लिए काम कर रही है। राहुल गांधी भी चाइना से पूरी तरह से प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि जब किसी घोटालेबाज पर सीबीआई शिकंजा कसती है तो समूचा विपक्ष यही कहता है कि सरकार ने सीबीआई छोड़ दिया है। सीबीआई पहले से है। जिस प्रकार से पहले काम कर रही थी उसी प्रकार से अब भी काम कर रही है। उन्होंने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को गिनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक दिग्विजय नारायण चतुर्वेदी उर्फ जय चौबे ने की। इस मौके पर मेंहदावल विधायक अनिल तिवारी, हैंसर विधायक गणेश चौहान, खजनी विधायक गणेश चौहान ने भी सभा को संबोधित किया।

केंन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री ने सपा को भी आड़े हाथ लिया। कहा कि सत्ता में आने के बाद सरकार कोई और चलाता है। पूर्व की सरकारों में इसका नजारा साफ दिखा था। सत्ता में आने के बाद प्रदेश अध्यक्ष बदल जाता है। यह किसी से छिपा नहीं है। प्रदेश अध्यक्ष और जिलाध्यक्ष तक बदल जाते हैं। जाति धर्म की राजनीति करने वालों को जनता अब नकार रही है।

# जेसीबी से हो रही थी चकरोड की पटाई, ग्रामीणों ने रोका



**संवाददाता–संतकबीरनगर।** जिले के विकास खंड सेमरियावां के भेलवासी, बूधा से होकर गुजरे चकरोड की पटाई देखकर ग्रामीण भड़क गए। ग्रामीणों का आरोप है कि उनके खेतों में घुस कर जबरिया मिट्टी की पटाई की जा रही है। ग्रामीणों ने विरोध जता कर कार्य रोकवा दिया। ग्रामीणों ने कलक्ट्रेट पहुंच कर डीएम को शिकायती पत्र दिया। भेलवासी व बूधा गांव निवासी गनेश, रामभवन, विश्वनाथ, रंगीलाल, निशा, सुभावती, धर्मराज, संतराम, खोटई, अतवारी, शकुंतला, राम भवन, देवेंद्र, दीपक कुमार, राधेश्याम, अखिलेश, पंकज आदि कलक्ट्रेट पहुंचे। ग्रामीणों ने डीएम को शिकायती पत्र दिया। ग्रामीणों ने कहा कि भेलवासी और बूधा के बीच से होकर चकरोड डबरा पुरवा को जाता है। जिस पर काफी पहले से खड़ंजा लगा हुआ है। आरोप है कि बाहर के कुछ लोग चार जेसीबी से लेकर आए और उनके खेत से होकर जाने वाले चकमार्ग के दोनों तरफ करीब 15–15 फीट चौड़ा पटाई करने लगे। बाद में कुछ ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और पूछताछ करने लगे तो उक्त लोगों ने बताया कि यह रिंग रोड स्वीकृत है। जबकि कागज में आठ फीट चौड़ा ही चकमार्ग है। आरोप है कि लोग दबंगई से खोदाई कर रहे थे। जब गांव के काफी संख्या में लोग जुट गए, तब ये लोग जेसीबी लेकर वहां से भागे। इनके ऐसे कृत्य से कोई भी अप्रिय घटना घट सकती है। ग्रामीणों ने डीएम से मांग किया कि सक्षम अधिकारी को मौके पर भेजकर जांच कराई जाए। जबरदस्ती खोदाई कर रहे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। डीएम ने ग्रामीणों के साथ अन्याय नहीं होने देने का भरोसा दिया।

# टीबी की दवा का संकट, मरीजों की मुसीबत

**संवाददाता–संतकबीरनगर।** जले में टीबी के मरीजों को दवा के लिए परेशान होना पड़ रहा है। इन दिनों टीबी अस्पताल में इस रोग की दवा एक सप्ताह के लिए उपलब्ध है। हर दिन दो दर्जन से अधिक मरीज दवा के लिए अस्पताल में परेशान हो रहे हैं। इस मामले की जानकारी होने पर सीएमओ ने सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों के साथ बैठक कर दवाओं की खरीदारी करने के निर्देश दिए हैं। जनपद में इन दिनों 1932 टीबी के मरीज सक्रिय हैं। इन मरीजों को सरकार के तरफ से मुफ्त में टीबी अस्पताल से दवा दी जाती है। लेकिन जो मरीज इन दिनों दवा लेने के लिए अस्पताल में आ रहे हैं उन्हे दो से तीन दिन की ही दवा मिल पा रही है। इस बात की जानकारी जब सीएमओ डा. रामानुज कनौजिया को हुई तो उन्होंने जनपद के सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने सभी को निर्देशित किया कि आरकेएस मद से टीबी की दवा खरीदी जाएगी। इससे मरीजों को राहत मिलेगी। जिला क्षय रोग अधिकारी डा. एसडी ओझा ने बताया कि पूर्व में भी दवा के संकट होने के बारे में पहले से जानकारी हो गई थी। जिसकी हम लोगों ने अन्य जनपदों से व्यवस्था कर ली थी। लेकिन अब सरकारी सप्लाई ही बहुत कम हो रही है। ऐसे में प्राइवेट दुकानों से इस दवा की खरीदारी करनी पड़ेगी। जिस मशीन से टीबी की जांच की जाती है वह मशीन खराब हो गई है।

# देश को विश्व गुरू बनाने के लिए करें मतदान –कृष्णनं दास

**संवाददाता–अम्बेडकरनगर।** विश्व हिंदू परिषद भी लोकतन्त्र के इस महापर्व में शत प्रतिशत मतदान के लिए जुट गई है। टोली सन्तो के नेतृत्व में गोष्ठी का आयोजन कर गांव–गांव जनजागरण कर रही है।

अभियान को गति देने के लिए प्रान्त सत्संग प्रमुख श्याम बाबू सन्तो की टोली के साथ टाण्डा विधानसभा स्थित श्रीझारखंड महादेव मंदिर में सिधेश्वर धाम के महंत कृष्णनं दास, कमला पंडित के समाधि मंदिर के पूज्य महंत राम नयन दास एवं हनुमान मंदिर के महंत श्याम सुंदर दास से मुलाकात कर आशीर्वाद मांगा। कृष्णनं दास ने कहा कि हमारे पुरखों ने भारत माता को फिर से विश्व गुरु के पद पर देखने के लिए अपने प्राणों की आहुतियां दी थीं आज वह सपना साकार होते हुए दिख रहा है। हम सब अपने मतदान का प्रयोग कर उसे और बल दें ताकि अधूरे कार्य को भी पूरा किया जा सके। श्याम बाबू ने कहा आगामी 25 मई को भी हमारे पास प्रतिदिन की तरह तमाम कार्य रहेंगे पर हम सबको संविधान द्वारा मिले मताधिकार का उपयोग कर देश निर्माण में अपनी महती भूमिका निभानी होगी। मातृ शक्ति की जिला संयोजिका शोभना गुप्ता ने कहा यह महापर्व पांच वर्ष में एक बार आता है और हम सबको इस महत्वपूर्ण दिन को ऐसे ही नही बिता देना है। कहा कि यह दिन हम सबके लिए अति महत्वपूर्ण है क्योंकि यही माध्यम है कि अपने पूर्वजों के अधूरे सपने को पूरा करके भविष्य को सुरक्षित बनाया जा सके। कार्यक्रम में मुश्कान विश्वकर्मा, बबिता चौरसिया, रचना, पुष्पा गुप्ता, मिश्लावती मौर्य, सोनल सिंह, कुसुम लता, विजय लक्ष्मी, शकुंतला, मंजूलता, रंजना, अरुण अग्रवाल, मन्तराम यादव, उमंग, किरन सोनी, श्रीप्रकाश सिंह, जयपाल मौर्य, कृष्णा, बाबा अरुण दास, आकाश गुप्ता, जिला संयोजक आलोक चौरसिया, ओम प्रकाश साहू, राजेश जायसवाल व अन्य मौजूद रहे।

# केजरीवाल की बुद्धि भ्रम में पड़ गई है—योगी

**लखनऊ (आभा)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को लखनऊ में दावा किया कि मोदी की सरकार तीसरी बार बनी तो योगी को हटा दिया जाएगा। केजरीवाल के दावे के कुछ देर बाद ही सीएम योगी ने तीखा पलटवार किया है। सीएम योगी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल जेल क्या गए उनकी बुद्धि भ्रम में पड़ गई है। उनको अब लगता है कि कभी जेल से बाहर नहीं आना है। उनको मुख्यमंत्री पद का इतना लालच हो गया है कि अपनी बात को मुझसे जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। यह जेल जाने का रिएक्शन है। सीएम योगी ने कहा कि केजरीवाल अभी जेल से निकलकर आए हैं। उन्हें जेल का साइड इफेक्ट हो रहा है। सीएम योगी ने यहां तक कहा कि उनकी खांसी से पूरी दिल्ली की जनता आज खांस रही है। सीएम ने कहा कि मैं योगी हूं। देश और सनातन धर्म के लिए एक बार नहीं सौ बार सत्ता को ठुकरा सकता हूं। सीएम योगी ने फतेहपुर में भाजपा प्रत्याशी के लिए आयोजित रैली में





कहा कि गुरुवार को दिन में चौथी जनसभा कर रहा हूं। लेकिन आम आदमी पार्टी और सपा वाले जनता से दूर भाग रहे हैं। कल कांग्रेस अध्यक्ष और सपा अध्यक्ष ने प्रेस कांफ्रेंस कर देश से गरीबी दूर करने का दावा किया। आज आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष ने सपा अध्यक्ष के साथ प्रेस कांफ्रेंस की है। योगी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल अभी जेल से बाहर आए हैं। उन्हें जेल का साइड इफेक्ट हो रहा है। कहा कि अरविंद जी मैं योगी हूं। मेरे लिए राष्ट्र पहले है। देश और सनातन धर्म के लिए एक बार नहीं सौ बार सत्ता को ठुकरा सकता हूं। हम लोगों का जो कुछ भी है, वह जनता जनार्दन के लिए है। जैसे पहले थे आगे भी वैसे ही रहेंगे। सीएम योगी ने कहा कि मुख्यमंत्री हैं इसलिय अपने नेता के विजन को धरातल पर उतार रहे हैं। बेटी और व्यापारी की सुरक्षा के लिए काम कर रहे हैं। राम मंदिर भी बना रहे हैं और माफिया का राम नाम सत्य भी कर रहे हैं। कहा कि याद कीजिए आपने दिल्ली की सत्ता कैसे हासिल की थी।

# खलीलाबाद—बहराइच रेल मार्ग के सर्वे पर ब्रेक, मुआवजे

**संवाददाता—संतकबीरनगर।** जिले में खलीलाबाद से बहराइच तक नई रेल लाइन बिछाई जानी प्रस्तावित है। अभी तक प्रशासन भूमि अधिग्रहण में ही अटका हुआ है। परिसंपत्तियों के मूल्यांकन में देरी हो रही है। किसानों की संख्या तक का निर्धारण नहीं हो पाया है। इधर लेखपालों की ड्यूटी चुनाव में लगा दी गई हैं। जिसकी वजह से सर्वे पर ब्रेक लग गया है। ऐसे में किसानों को मुआवजे के लिए अभी और इंतजार करना पड़ेगा। जबकि प्रथम चरण में खलीलाबाद से बांसी तक 54 किलोमीटर दूरी तक रेल लाइन बिछाई जानी है। इस काम को वर्ष 2024 में पूरा करने का लक्ष्य था। पर अभी तक अधिग्रहण का काम पूरा नहीं हुआ तो रेल लाइन बिछाने की बात तो दूर की है। खलीलाबाद से बांसी, बलरामपुर, श्रावस्ती से होकर बहराइच तक नई रेल लाइन बिछाने की मंजूरी वर्ष 2017 में मिली थी। खलीलाबाद से बहराइच तक करीब 240 किलोमीटर दूरी तक नई रेल लाइन बिछाई जानी है। इसमें संतकबीरनगर के 54, सिद्धार्थनगर के 93, बलरामपुर के 65, श्रावस्ती के 30 और बहराइच के 19 गांवों से होकर नई रेल लाइन जानी है। इसके लिए सिद्धार्थनगर और संतकबीरनगर में भूमि अधिग्रहण की प्रकिया चल रही है। जबकि बलरामपुर, श्रावस्ती और बहराइच में अभी सर्वे हो रहा है।

प्रथम चरण में खलीलाबाद से बांसी तक 54 किलोमीटर दूरी तक रेल लाइन बिछाई जानी है। इसमें संतकबीरनगर जिले के खलीलाबाद तहसील के 29 गांवों के किसानों की 75.128 हेक्टेयर जमीन और मेंहदावल तहसील के 25 गांवों की 66.862 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहीत की जानी है। इस प्रकार कुल 54 गांवों की 142 हेक्टेयर जमीन ली जानी प्रस्तावित है। प्रशासन की ओर से लेखपालों की टीम लगाकर किसानों की जमीन का सर्वे कराया जा रहा था। खलीलाबाद तहसील के 18 गांवों और मेंहदावल तहसील के नौ गांवों का सर्वे कार्य पूर्ण हो चुका है। रेलवे लाइन के सर्वे का कार्य पूरा करने की जिम्मेदारी लेखपालों को दी गई थी। लेकिन चुनाव की घोषणा होने के बाद सारे कार्य ठप कर लेखपालों की ड्यूटी चुनाव में लगा दी गई है। जिसकी वजह से सर्वे का कार्य बंद हो गया है। अब चुनाव के बाद फिर सर्वे कायर शुरू होगा। कार्य लेट होने की वजह से किसानों को मुआवजा के लिए अभी और इंतजार करना पड़ेगा।

# शत प्रतिशत मतदान से पूरे होंगे लक्ष्य- स्कन्द

**संवाददाता—बस्ती।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष स्कन्द श्रीवास्तव ने गुरूवार को प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता के दौरान शत प्रतिशत मतदान का आवाहन किया। दावा किया कि अपने नीति, कार्यक्रम के बल पर भाजपा 400 सीटों पर जीत दर्ज करेगी। पत्रकारों के सवालों का उत्तर देते हुये स्कन्द श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा की सरकार में मुण्डेरवा की चीनी मिल शुरू हुई और शीघ्र ही बस्ती, वाल्टरगंज की बंद चीनी मिलों के विवाद को हल कराकर उसे चलवाने या नया कारखाना लगवाने का प्रयास किया जायेगा।

भाजपा जिलाध्यक्ष स्कन्द श्रीवास्तव ने कहा कि अबकी बार का मतदान बहुत महत्वपूर्ण है, इस मतदान से केवल सरकार का गठन नहीं है, बल्कि इस मतदान से संपूर्ण भारतवर्ष नहीं पूरे विश्व का जगतगुरु बनने के राह पर और तेजी से बढ़ रहा है। कहा कि मतदान में आपकी सहभागिता जरूरी है, आप ही जनता जनार्दन हैं। इस बार लोक सभा 2024 चुनाव में भाजपा का लक्ष्य 4सौ पार का है, जिसे जनता ने संकल्प ले लिया है, और पूरा करने के लिए



उत्साहित भी है।

उन्होंने कहा कि बस्ती लोक सभा के उम्मीदवार हरीश द्विवेदी जी हैं जो विद्यार्थी परिषद का कार्य करते समय से शिष्ट और उच्च शिक्षा प्राप्त हैं, लोक सभा का दो बार प्रतिनिधित्व करने के बाद अपनी कार्य शैली को लेकर क्या हिन्दू क्या मुसलमान सभी में लोकप्रिय हैं। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी के सरकारों की जितनी भी कल्याणकारी विकास कार्यक्रम की योजनाएं बनी सभी को जिले के गांव गांव में देखा जा सकता है। किसान,महिलाएं, बालिकाएं या शिक्षा का क्षेत्र हो या खेती किसानी सभी भी को स्तिथि मजबूत हुई है, और वह स्वावलंबी हुए हैं।

कहा कि भाजपा ने अपने नेतृत्व को सनातन धर्म की प्राथमिकता के साथ उनकी कार्यशैली में आध्यात्मिक संवेदनशीलता का आदर्श कायम रक्खा, उसी की देन राम मंदिर का भव्य निर्माण भी है। यही सब कारण है कि जनता ने एस बार 04 सौ पार का संकल्प स्वम ले रक्खा है। इस बार लोक सभा 2024 चुनाव भाजपा और राष्ट्र के लिए काफी महत्त्वपूर्ण होगा, क्योंकि मोदी जी विश्व स्तर पर विभिन तकनीकी की सामरिक अन्यान्न क्षेत्रों की स्पर्धा में भारत को पहले नंबर पर ले जाना है।

# पश्चिम और मध्य यूपी की फोर्स गोरखपुर में कराएगी चुनाव

**संवाददाता—गोरखपुर।** जिले में अर्द्धसैनिक बलों के अलावा पश्चिम और मध्य यूपी की पुलिस फोर्स इस बार चुनाव कराएगी। सातवें चरण की चुनावी ड्यूटी लगाने के साथ ही ड्यूटी में शामिल होने वाले पुलिस कर्मियों और तैनाती स्थल वाले जिलों को सूची दे दी गई है। पुलिस फोर्स के अलावा अर्द्धसैनिक बल, जीआरपी और एसएसएफ बटालियन से भी इस बार ड्यूटी लगाई गई है। छठें चरण का मतदान समाप्त होते ही चुनाव ड्यूटी में लगी फोर्स गोरखपुर में आमद कराने लगेगी। उनके ठहरने और खाने का बंदोबस्त स्थानीय स्तर पर पुलिस प्रशासन ने पूरा कर लिया है। चुनाव के दौरान पुलिस कर्मियों के लिए रोजमर्रा से जुड़े सामानों की एक किट भी तैयार कराई जा रही है। जिसमें तेल—साबुन, शैम्पू और तौलिया के साथ खाने—पीने के सामान भी होंगे। चार चरणों का लोकसभा चुनाव पूरा हो गया है। गोरखपुर जिले में मुख्य रूप से सातवें चरण में चुनाव होना है हालांकि छठें चरण में भी एक विधानसभा का इलाका जो कि संतकबीरनगर लोकसभा क्षेत्र में आता है वहां चुनाव होगा। ऐसे में फोर्स की तैनाती और ड्यूटी लगाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। वहीं दूसरी तरफ गोरखपुर की पुलिस फोर्स भी चौथे चरण तक चुनाव कराने बाहर गई थी वह करीब—करीब लौट आई है। चुनावी सभा, रोड शो सहित सभी पार्टी के नेताओं के आने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। ऐसे में स्थानीय स्तर पर पुलिस की ड्यूटी लगाई जा रही है। वहीं छठें चरण का चुनाव होने के बाद अन्य जिलों से गोरखपुर आने वाली फोर्स अपनी आमद शुरू करेगी और उनकी जिले स्तर पर बूथ और थानेवार ड्यूटी लगाई जाएगी। चुनाव ड्यूटी में मेरठ, शाहजहांपुर, आगरा, बाराबंकी, अयोध्या और अम्बेडकर नगर जिले की फोर्स की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं लखनऊ और आगरा की जीआरपी के साथ ही एसएसएफ लखनऊ बटालियान की फोर्स भी लगाई गई है। चुनाव ड्यूटी में आने वाली फोर्स के रुकने की व्यवस्था करने के साथ ही उनके अन्य जरूरी सुविधाओं का भी ख्याल रखा जा रहा है। रोजमर्रा से जुड़ी चीजे जैसे की तेल—साबुन, शैम्पू, तौलिया, मच्छर अगरबत्ती और खाद्य प्रदार्थ का पैकेट का एक किट तैयार किया जा रहा है। एसपी क्राइम को इसका नोडल बनाया गया है। वहीं प्रत्येक टोली का यह किट मिल जाए इसके लिए बीपीओ को जिम्मेदारी दी गई है।

# ऊर्जा मंत्री ने किया बृजभूषण का गुणगान

**संवाददाता—गोण्डा।** नगर के रामलीला मैदान में शुक्रवार को आयोजित चुनावी जनसभा में बतौर मुख्य अतिथि ऊर्जा व नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने कार्यकर्ताओं में जोश भरा। उन्होंने कैसरगंज से पार्टी उम्मीदवार करणभूषण सिंह को विजयी बनाने की अपील की। कैबिनेट मंत्री एके शर्मा ने अपने संबोधान में सांसद के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि हम लोग भी इनसे सीखते है। उनकी बात को नीचे से लेकर प्रधानमंत्री तक कोई नहीं काटता है। उन्होंने कहा कि जब भाजपा सरकार ने शुरुआत की है तो सब देने की बात कह रहे है। करनैलगंज के विकास के लिए सात करोड़ व कटरा को तीन करोड़ 70 लाख दिये गये है। शर्मा ने कहा कि केवल सांसद ही ऐसे है जो परिवार व जातिवाद से परे हटकर कार्य कर रहे हैं। सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि अब आपको डबल मदद मिलेगी। जहां करण भूषण सिंह आपकी समस्याओं के लिये दिल्ली में आवाज उठायेगा, तो वहीं यहां मै आपके भाई के रूप में दुख व सुख में हमेशा खड़ा मिलूंगा। उन्होंने कहा कि आज मेरी बातों का गलत मतलब निकाल लिया जाता है। कुछ लोग पांच सौ किलोमीटर दूर बैठ कर मेरी राजनीतिक हत्या करना चाहते है। 1996 में कुछ लोगों ने मेरा अनभला चाहा था तब मेरी पत्नी सांसद बनी थी अब 2024 में फिर वही कहानी दोहराई जा रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष धानश्याम मिश्रा, करनैलगंज विधायक अजय कुमार सिंह, कटरा विधायक बावन वासुदेव सिंह, महंत हेमंतदास ने भी जनसभा को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन विद्याभूषण द्विवेदी ने किया।

# अधिकारियों ने भट्टे में डाल दिया पानी, अपना दल एस में रोषःडीएम से भट्ठा चलवाने की मांग

**संवाददाता—बस्ती।** हर्रैया तहसील क्षेत्र के बनगवा खास स्थित ईट भट्टे पर बिना कोई सूचना दिये अधिकारियों द्वारा पक रहे ईटों पर पानी डाल देने का मामला सामने आया है। इस सम्बन्ध में भट्ठे के मालिक एवं अपना दल एस के हर्रैया विधानसभाध्यक्ष चिन्ताराम वर्मा जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी को पत्र सौंपा। मांग किया कि मामले की जांच कराकर ईट भट्टा को चलाये जाने की अनुमति दिया जाय।

डीएम को सम्बोधित पत्र में चिन्ताराम वर्मा ने कहा है कि 15 मई बुधवार को उनके बनगवा खास स्थित ईट भट्टे पर प्रशासनिक अधिकारी नायब तहसीलदार ऋषभ सिंह, खनन विभाग के अधिकारी प्रशान्त यादव, अग्निशमन विभाग के अधिकारी, हल्का लेखपाल दुर्गेश द्विवेदी परशुरामपुर थाने की पुलिस के साथ पहुंचे और पक रहे ईटों पर पानी डालने लगे।



भट्टे पर मौजूद मुंशी ने जब कहा कि आप लोग बिना किसी सूचना या नोटिस के ऐसा नहीं कर सकते तो अधिकारियों, कर्मचारियों ने गालियां देते हुये उनके कार्यालय को भी सीज कर दिया। पत्र में कहा गया है कि उनके कार्यालय में दो लाख रूपया नकद एवं महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे हुये थे जिसको गायब कर दिये जाने की आशंका है। जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी को पत्र देते समय अपना दल एस के राम नयन पटेल, राजमणि पटेल, शिवकुमार चौधरी, प्रदीप पटेल 'राना' निसार अहमद, रमेश चन्द्र गिरी, राजेश चौधरी, बलराम चौधरी, रमेश चन्द्र भारती, सुखराम पटेल, सुनील पटेल, विजय पटेल, शिवेन्द्र चौधरी, संजय चौधरी, रामजीत पटेल, विजय कुमार वर्मा, पवन वर्मा, सन्तराम पटेल, निपुल सिंह, घनश्याम लाल, शिवपूजन के साथ ही अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी शामिल रहे।

# बोले मोदी–अमेठी से गए रायबरेली से भी जाएंगे खटा खट खटा खट

**प्रतापगढ (आभा)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला किया। राहुल गांधी अपनी सभाओं में चुनाव बाद सरकार बनने पर बैंक खाते में खटा खट खटा खट रुपए भेजने का वादा कर रहे हैं। इसी का जवाब पीएम मोदी ने प्रतापगढ़ में दिया। पीएम मोदी ने कहा कि कोई इनके दिमाग को भी बता दो अब रायबरेली की जनता भी खटा खट खटा खट खटा खट घर भेजेगी। अमेठी से गए अब रायबरेली से भी जाएंगे। पीएम मोदी ने राहुल गांधी के साथ ही सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर भी निशाना साधा। कहा कि सपा के कारण ही यूपी पीछे चला गया था। अब यहां तेजी से विकास हो रहा है।



राहुल गांधी इस बार अमेठी की जगह मां सोनिया गांधी की सीट रायबरेली से मैदान में उतरे हैं। रायबरेली से सटी प्रतापगढ़ सीट पर भाजपा की जनसभा को संबोधित करने पहुंचे पीएम मोदी ने राहुल गांधी पर हमला करते हुए कहा कि देश चलाना सोने की चम्मच लेकर पैदा हुए बच्चों का खेल नहीं है। यहां तक कहा कि आपसे नहीं हो पाएगा। पीएम मोदी ने कहा कि 4 जून के बाद मोदी सरकार तो बनेगी ही और भी बहुत कुछ होने वाला है।

राहुल गांधी के खटा खट खटा खट वाले बयान पर पीएम मोदी ने कई बार तंज कसा। कहा कि चार जून के बाद इंडी गठबंधन टूटकर बिखर जाएगा खटा खट खटा खट। पराजय के बाद बली के बकरे को खोजा जाएगा खटा खट खटा खट। लखनऊ वाले शहजादे (अखिलेश यादव) और दिल्ली वाले शहजादे (राहुल गांधी) गर्मियों की छुट्टियां मनाने देश से निकल जाएंगे खटा खट खटा खट। ये दोनों लोग खटा खट खटा खट भाग जाएंगे। तब हम ही रह जाएंगे।

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन वाले दस साल से सत्ता से बाहर हैं। इनकी काली कमाई खत्म हो गई है। इसलिए इनकी नजर देश की तिजोरी पर है। आरक्षण खत्म करने और संविधान बदलने के आरोपों पर पीएम मोदी ने पलटवार किया। कहा कि कर्नाटक–तेलंगाना में कांग्रेस ने ओबीसी आरक्षण अल्पसंख्यकों को दे दिया है। संविधान बदलकर पूरे देश में यही करना चाहते हैं। सपा वाले इस पर कुछ नहीं बोल रहे हैं।

# पश्चिम बंगाल के साइबर ठग का जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त

**संवाददाता–संतकबीरनगर।** जिले के सेवानिवृत्त पुलिस कर्मी के खाते से साइबर ठगी करके रुपया हड़पने के आरोपी का जमानत प्रार्थना पत्र जनपद एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा प्रथम की कोर्ट ने निरस्त कर दिया। आरोपी उत्तर 24 परगना पश्चिम बंगाल का रहने वाला है। आरोपी राजू साव पर साइबर ठगी के माध्यम जालसाजी करके सेवानिवृत्त पुलिस कर्मी के खाते से 24 लाख 40 हजार रुपए निकाल कर हड़प लेने का आरोप लगाया गया है। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि प्रकरण में जिले के बेलहर कला थाना क्षेत्र के ग्राम औरहिया मंझरिया निवासी विद्यासागर ने अभियोग पंजीकृत कराया है। वादी का आरोप है कि वह पुलिस विभाग में चालक के पद से सेवानिवृत हुआ है। सेवानिवृत्ति से मिलने वाली धनराशि 38 लाख 63 हजार 378 रुपए उनके बैंक खाते में जमा थी। बैंक खाते से एटीएम कार्ड भी संचालित किया जाता था। दिनांक 18 मार्च 2021 को साइबर ठगों ने धोखाधड़ी करके उनके खाते से 24 लाख 40 हजार रुपए रुपए निकाल कर दूसरे के खाते में डाल दिया। ठगों द्वारा बैंक से साइबर ठगी करके रुपया हड़प लेने से उनके जीवन भर की पूंजी समाप्त हो गई। थाना बेलहर कला में अभियोग पंजीकृत हुआ। विवेचना के दौरान आरोपी राजू साव पुत्र कैलाश साव निवासी रोड नैहाटी थाना नैहाटी जिला उत्तर 24 परगना पश्चिम बंगाल का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। आरोपी राजू साव के जमानत प्रार्थना पत्र का जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी विशाल श्रीवास्तव ने विरोध किया। सुनवाई के पश्चात जनपद एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा प्रथम की कोर्ट ने आरोपी राजू साव का जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया।

# एंटीबायोटिक्स के क्षेत्र में नवाचार का साधन है माइक्रोबियल इंजीनियरिंग

**संवाददाता–गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय में माइक्रोबियल इंजीनियरिंग ऑफ एंटी बायोटिक बायोसाइंथेसिस पाथवे विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता सिद्धार्थ विश्वविद्यालय सिद्धार्थनगर के सहायक आचार्य डॉ. कपिल गुप्ता ने कहा कि माइक्रोबियल इंजीनियरिंग जीवाणुओं का उपयोग करके विभिन्न उत्पादों की उत्पत्ति और उनके सुधार करने का काम करता है। इसका एक प्रमुख क्षेत्र एंटीबायोटिक उत्पादन है। डॉ. गुप्ता ने कहा कि माइक्रोबियल इंजीनियरिंग से एंटीबायोटिक्स के क्षेत्र में नवाचार के साथ ही इसके उत्पादन के औद्योगिक स्तर में वृद्धि की जा सकती है। उन्होंने बताया कि माइक्रोबियल इंजीनियरिंग द्वारा एंटीबायोटिक उत्पादन की क्षमता को संशोधित करने के लिए सूक्ष्म जीवों की आनुवंशिक संरचना में बदलाव करने और प्रमुख एंजाइम की क्लोनिंग का काम भी किया जा सकता है।

व्याख्यान में प्रमुख रूप से बॉयोटेक्नोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार दूबे, बायोकेमिस्ट्री विभाग की अध्यक्ष डॉ. अनुपमा ओझा, डॉ. अवेद्यनाथ, डॉ. पवन कुमार कन्नौजिया, डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव, धनंजय पांडेय, डॉ. संदीप श्रीवास्तव, डॉ. केके यादव, डॉ. प्रेरणा, डॉ. अंकिता मिश्रा, अनिल मिश्रा उपस्थित रहे।

# डुमरियागंज में बसपा के लिए अपना वोट बैंक बचाना बड़ी चुनौती

**संवाददाता–बांसी (सिद्धार्थनगर)।** लोकसभा चुनाव 2019 में बसपा ने गैर जनपद के मुस्लिम प्रत्याशी आफताब आलम को चुनाव में बतौर प्रत्याशी उतार कर अच्छा प्रदर्शन तो किया पर उसे लगभग 105000 मतों के अंतर से भाजपा प्रत्याशी सांसद जगदंबिका पाल के सामने मुंह की खानी पड़ी। इस बार फिर गोरखपुर जनपद से ही पहले ख्वाजा शमसुद्दीन और बाद में गोरखपुर जनपद के ही मोहम्मद नदीम मिर्जा को अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है ।नामांकन के दिन नदीम मिर्जा के नाम पर जिला अध्यक्ष दिनेश गौतम व जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद शमीम को बसपा कार्यकर्ताओं के विरोध का जिस प्रकार सामना करना पड़ा वह जग जाहिर है।




ऐसा लगता है बसपा कार्यकर्ताओं का गुस्सा ठंडा कर पाना आसान काम नहीं है। दूसरी ओर भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर आजाद रावण की आजाद समाज पार्टी ने शोहरतगढ़ के पूर्व विधायक चौधरी अमर सिंह को चुनाव मैदान में उतार दिया है। बसपा के वोट बैंक समझे जाने वाले वर्ग की युवा पीढ़ी चंद्रशेखर रावण की फैन मानी जाती है ऐसे में बसपा के लिए अपने कार्यकर्ताओं को आजाद समाज पार्टी की ओर बढ़ने से रोकना पहली चुनौती है। बसपा वोटर बहिन जी के प्रति अपनी निष्ठा बनाए रखेंगे या किसी दूसरे दल का सहारा बनेंगे अथवा कई हिस्सों में बंट जाएंगे फिलहाल यह भविष्य ही बताएगा। इस समय सपा व भाजपा के कदावर प्रत्याशियों और उनके सिपहसालारों की नजर बसपा वोट बैंक पर गड़ी हुई है ऐसी चर्चाएं हैं। बसपा के लिए इस स्थिति से उबरने की भी चुनौती है।

इन दिनों सनातनी परंपरा को दरकिनार कर मांगलिक, सांस्कृतिक आयोजनों को नया कलेवर देने वाला बसपा से जुड़ा वह बड़ा वर्ग बीजेपी, इंडिया गठबंधन की ओर रुक करेगा या फिर चंद्रशेखर रावण की ओर ! रावण की आजाद समाज पार्टी के पिछड़ों के युवा चेहरा पूर्व विधायक चौधरी अमर सिंह को प्रत्याशी बनाने के पीछे दो प्रमुख कारण हैं ।पहले अमर सिंह कुर्मी जाति से हैं और लोकसभा क्षेत्र में इस जाति के वोटरों की संख्या तकरीबन 100000 है। यह वर्ग राजनीति की समझ नए सिद्धांतों से जुड़ी मानी जाती है ।रावण की पार्टी के साथ विधानसभा चुनाव 2022 के बाद से ही चौधरी अमर सिंह जुड़े ही नहीं हैं बल्कि उसके लिए लगातार कार्य करते रहे हैं ।रावण समर्थक दलित युवाओं से उनका जुड़ाव किसी से छिपा नहीं है ।इसके अलावा पूर्व विधायक चौधरी लोकल फार वोकल के तराजू पर भी फिट नजर आ सकते हैं ।इसको लेकर चर्चाएं शुरू भी हैं क्योंकि वही एकमात्र चर्चित प्रत्याशी हैं जो इस जनपद से हैं। बाकी भाजपा व इंडिया गठबंधन दोनों के प्रत्याशी गैर जनपदों से हैं।

यही वजह है कि श्री चौधरी के चुनाव मैदान में आने के बाद से बीजेपी, इंडिया गठबंधन और बहुजन समाज पार्टी ऊहापोह की स्थिति में है, सकते में है ।फिलहाल तो इस स्थिति के चलते बसपा के सामने अपने वोट बैंक को बचाने की चुनौती तो है ही। ब्राह्मणों कि अधिक मत संख्या पर जो लगभग तीन लाख माने जा रहे हैं पर प्रभावित होकर सपा ने जहां कद्दावर ब्राह्मण प्रत्याशी उतारकर ब्राह्मण मतों को सहेजने का दांव चला है, तो वहीं इन मतदाताओं को साधने के लिए बड़े ब्राह्मण चेहरों के सहारे मान मन्नवल कर इन्हें फिर से अपने पाले में लाने कि जी तोड़ कोशिश कर रही हैं इसके अलावा भाजपा, सपा, आसपा पिछड़े व दलित मतों को अपने पाले में लाने को हर जुगत में लगे हैं।

# सिपाही पर 5 हजार रूपया मांगने का आरोप

**संवाददाता–विक्रमजोत (बस्ती)।** छावनी थाने पर मारपीट की शिकायत करने पहुंची पीड़िता से हल्का सिपाही द्वारा पांच हजार रूपया मांगने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता का आरोप है कि बीते 12अप्रैल को वह थाने पर अपने पड़ोसी की शिकायत करने थाने पहुंची थी।उनके हल्का के मुकेश यादव सिपाही ने रूपये न मिलने पर मुकदमें में फंसाने की धमकी देकर थाना से वापस कर दिया । थाना क्षेत्र के पेड़रहिया अमोढ़ा खास निवासिनी सीमा चौहान पत्नी मोनू ने मामले में पुलिस अधीक्षक बस्ती को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।कहना है कि उसके माता पिता नहीं हैं वह अपने मायके में ही अपने छोटी बहन व भाई के देखरेख में रहती है ।

बगल स्थित कन्हैया लाल पुत्र स्व नीबर व उनकी पत्नी सुन्दर पति व उनकी नन्द सीता व उनकी दोनो लड़कियां मिलकर पीड़िता व उसकी बहन बन्दना को बिना किसी बात को लेकर मारपीट दिया। कहना है कि यह लोग ऐसा कई बार कर चुके है। इस संबंध मे थानाध्यक्ष प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि महिला झूठा आरोप लगा रही है।

# बस्ती में एफएसटी ने जांच में पकड़े 4.17 लाख रुपये

**संवाददाता–बस्ती।** लोकसभा चुनाव में शुचिता के लिए बनाई गई एफएसटी व एसएसटी ने दो अलग–अलग स्थानों से 4.17 लाख बरामद कर उसे जब्त कर लिया है। समाजवादी पार्टी का झंडा लगी गाड़ी से पकड़े गए 67 हजार 500 रुपये भी इसमें शामिल हैं।

वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के देईपार गांव के पास लगे बैरियर के समीप चेकिंग के दौरान एक बाइक की डिकी से 3. 50 लाख रुपये बरामद हुए। बाइक सवार बरामद रुपये के संबंध में कोई कागजात नहीं दिखा सके, लिहाजा स्टेटिक सर्विलांस टीम ने रुपये जब्त कर लिए। प्रभारी निरीक्षक वाल्टरगंज दिनेश चन्द्र चौधरी ने बताया कि देईपार बैरियर के पास रुकवाया गया तो बाइक के पीछे बैठा व्यक्ति रामदास निवासी सल्टौआ जनपद बस्ती के पास काले रंग का बैग था। बैग में रखे सामान की चेकिंग के लिए बैग खोलने के लिए कहा गया, तो उसके बैग में कुल तीन लाख पचास हजार रुपये नकद बरामद हुए।

रुपयों के संबंध में कागजात न दिखा पाने पर उसे सीज कर ट्रेजरी में जमा करा दिया गया।सोनहा पुलिस ने चेकिंग के दौरान सपा कार्यकर्ता के सपा का झंडा व माइक लगे स्कार्पियो से नकदी बरामद की है। फ्लाइंग स्कवायड टीम व प्रभारी निरीक्षक सोनहा उपेन्द्र कुमार मिश्र बस्ती–डुमरियागंज मार्ग पर क्षेत्र के पचमोहनी में रात 2रू30 बजे सपा का झंडा लगी स्कार्पियो की तलाशी करवाई तो उसमें सवार अविनेश कुमार उर्फ डब्लू चौधरी निवासी ग्राम पटखौली के पास से 67500 रुपये बरामद हुआ।

गाड़ी पर सपा का झंडा और माइक लगा था। वाहन पर चुनाव संबंधी पास भी चस्पा था। पूछताछ पर अविनेश कुमार ने बताया कि वह ठेकेदारी का कार्य करते हैं। लेकिन मौके पर इन रुपयों के संबंध में कोई कागजात नहीं दिखा सके। टीम ने इसकी सूचना तत्काल एआरओ, एसडीएम भानपुर आशुतोष त्रिपाठी को सूचित किया। उसके बाद 67500 रुपये को कब्जे में लेकर सीज कर ट्रेजरी में जमा करा दिया गया।

# एसएनसीयू वार्ड फुल, बाहर भेजे जा रहे नवजात



**संवाददाता–बलरामपुर।** जिला महिला अस्पताल में स्थित एसएनसीयू (न्यू सिक बार्न केयर यूनिट) नवजातों से कई दिनों से फुल चल रहा है। 18 बेड वाले इस एसएनसीयू वार्ड में गुरुवार को 30 नवजात भर्ती थे। स्थिति यह है कि एक बेड पर दो से तीन नवजातों को भर्ती करना पड़ रहा है। यूनिट नवजातों से फुल हो जाने के कारण अब उन्हें बाहर नर्सिंग होम में भेजा जा रहा है। मजबूरी में लोग अपने कलेजे के टुकड़े को बाहर के नर्सिंग होम में महंगे दामों पर भर्ती करा रहे हैं। जहां पर उन्हें घंटों के हिसाब से पैसे देने पड़ रहे हैं। वहीं दूसरी ओर बिजली कटौती का दंश भी एसएनसीयू झेल रहा है। हर दिन करीब आठ घंटे तक इस यूनिट के लिए अस्पताल प्रशासन को जनरेटर चलवाना पड़ रहा है। जिले के एक मात्र सरकारी जिला महिला अस्पताल में 18 बेड का एसएनसीयू वार्ड है। इस वार्ड में जिले भर के गंभीर नवजातों को भर्ती कर इलाज किया जाता है। यह यूनिट नवजात के लिए बरदान साबित हो रही है। वहीं दूसरी ओर यूनिट में बेडों की संख्या कम होने के कारण इसका दंश भी जिले के लोग झेल रहे हैं। मौजूदा समय में यूनिट में 18 बेड के सापेक्ष 30 नवजात भर्ती हैं। वार्ड के प्रभारी डा. महेश वर्मा का कहना है कि चूंकि जिले भर गंभीर नवजात यहीं पर इलाज के लिए आते हैं। इसलिए मजबूरी में एक बेड पर दो से तीन नवजातों को भर्ती करना पड़ता है। अच्छी बात यह है कि नवजात रिकवर जल्दी होते हैं। इसलिए ज्यादा दिन तक उन्हें नहीं रोकना पड़ता है। जिले के किसी अन्य सरकारी अस्पताल में एसएनसीयू की सुविधा नहीं है। यहां आने वाले नवजातों का निःशुल्क इलाज किया जाता है। उन्होंने बताया कि पैदा होने के बाद कम वजन के साथ ही पीलिया व अन्य बीमारियों से ग्रसित बच्चों को भर्ती किया जाता है। उन्होंने बताया कि एसएनसीयू में ऑक्सीजन, पल्स आक्सीमीटर, फोटो थेरेपी, इंफ्यूजन पंप, ऑक्सीजन कन्सेंट्रेटर की सुविधा है। एसएनसीयू के लिए अलग से सारी व्यवस्थाएं की गई हैं। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इस वार्ड को देखते हुए इसकी मांग यहां पर बढ़ी है। अब स्थिति यह है कि नवजातों की संख्या वार्ड में ज्यादा हो जाने पर कई बार संक्रमण फैलने का भी खतरा होता है। ज्यादा नवजात होने की स्थिति चिकित्सक उन्हें बाहर भेजते हैं। जिला मुख्यालय के एक निजी अस्पताल में एसएनसीयू की व्यवस्था है, जहां पर बेडों से कई गुना ज्यादा नवजात इस समय भर्ती हैं। जिले के लोगों का कहना है कि अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को प्रयास करके इस यूनिट का विस्तार कराना चाहिए। बेडों की संख्या बढ़ने पर इसका समुचित लाभ जिले के लोगों को मिल सकेगा।

जिले की बदहाल विद्युत व्यवस्था का प्रभाव महिला अस्पताल के एसएनसीयू पर भी पड़ रहा है। एक तो अस्पताल में आदम जमाने की विद्युत लाइन है। जर्जर विद्युत लाइन होने के कारण आए दिन यहां लोकल फाल्ट होते रहते हैं। इस समय बिजली की आंख मिचौली भी खूब चल रही है। यूनिट के प्रभारी डा. महेश वर्मा की मानें तो 24 घंटे में करीब आठ घंटे जनरेटर से काम चलाया जाता है। बिना बिजली के यूनिट में नवजात को नहीं रखा जा सकता है। बिजली व्यवस्था ठीक न होने के कारण अस्पताल पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। एसएनसीयू यूनिट इस समय फुल है। यूनिट में 18 बेडों की व्यवस्था है, जिसमें इस समय 30 नवजात भर्ती हैं। कोशिश यह रहती है कि यहां आने वाले नवजात को बाहर नर्सिंग होम में न भेजा जाए। यूनिट की क्षमता बढ़ाई जानी चाहिए। एक बेड पर दो से तीन नवजातों को भर्ती किया जा रहा है। बिजली न रहने पर जनरेटर से यूनिट का संचालन किया जाता है।

# न्याय के लिए पीड़ित महिला ने मुख्यमंत्री सहित आलाधिकारियों से लगाई गुहार



**संवाददाता–अयोध्या।** राम नगरी में पीड़ित महिला ने मुख्यमंत्री समेत जिले आलाधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है। अयोध्याधाम के मीरापुर डेराबीबी निवासिनी सुनीता पत्नी गुड्डू केसरवानी ने आरोप लगाया है कि विपक्षी विशम्भर नाथ अपने पुत्रों व अन्य लोगों संग बुलडोजर लगाकर उनका मकान तहस–नहस कर दिया। वहां लगा आरो प्लांट भी तोड़ डाला और घर का सारा सामान, रूपया–पैसा, जेवर–गहना उठा ले गए। जबकि उक्त मकान का मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है। फिर भी विपक्षीगण उनके साथ अभद्रता किए। उनको व उनके छोटे–छोटे बच्चों को दौड़ा–दौड़ाकर मारापीटा। मकान को बुलडोर से जमींदोज कर दिया। घर में रखा सारा दैनिक सामान तोड़ डाला। डायल 112 पर सूचना दिया। उसका कोई रिसपांस नही मिला। पीड़िता ने इसकी लिखित शिकायत स्थानीय थाना–चौकी पर की। लेकिन कोई सुनवाई नही हुई। यहां तक कि जिले के आलाधिकारियों से भी गुहार लगाई। उन लोगों ने भी इसे अनुसुना कर दिया। पीड़ित महिला का कहना है उन्होंने अयोध्या कोतवाली समेत, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, आईजी, यहां तक कि मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत किया। फिर भी कोई सुनवाई नही हो रहा। इससे विपक्षियों के हौसले बुलंद हैं।

वह उनको व उनके पति को बराबर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। सुनीता ने कहा कि उनकी मांग है कि दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही उनका गहना–जेवर, रूपया आदि दिलाया जाए। जिसे विपक्षीगण लूट कर लेकर चले गए हैं। उन्हें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर पूरा भरोसा है। मुख्यमंत्री के संज्ञान में यह मामला आने पर उन्हें अवश्य न्याय मिलेगा।

## कोवैक्सीन भी सुरक्षित नहीं

**वाराणसी (आभा)।** एस्ट्राजेनेका–ऑक्सफोर्ड की कोविड–19 वैक्सीन कोविशील्ड के संभावित दुष्प्रभावों की रिपोर्ट के बीच कोवैक्सिन बनाने वाली भारत बायोटेक ने पिछले दिनों एक बयान जारी कर कहा था कि उसके वैक्सीन के सुरक्षा रिकॉर्ड शानदार रहे हैं। कंपनी ने कहा था कि उसकी वैक्सीन से खून के थक्के, प्लेटलेट की कमी जैसे दुष्प्रभाव सामने नहीं आए हैं लेकिन बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने दावा किया है कि कोवैक्सीन लेने वाले 30 फीसदी लोगों को कई गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है।

बीएचयू के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए एक अध्ययन में भारत बायोटेक की कोवैक्सिन टीके के दीर्घकालिक प्रभावों की जांच में यह खुलासा हुआ है कि लगभग एक–तिहाई लोगों पर 'Adverse events of special interest (AESI) प्रभाव देखने को मिला है।

स्टडी रिपोर्ट में कहा गया है कि अध्ययन के लिए चुने गए 926 प्रतिभागियों में से लगभग एक–तिहाई लोगों में ऊपरी सांस की नली में वायरल संक्रमण सबसे आम शिकायत है। इसके अलावा लोगों में ब्लड क्लॉटिंग और एलर्जी के भी प्रभाव देखने को मिले हैं।

## रैगिंग की घटनाओं की रोकथाम के लिए समिति का गठन

**संवाददाता–बस्ती।** शासन के निर्देश पर जनपद में उच्च शिक्षण संस्थान में रैगिंग की घटनाओं की रोकथाम के लिए जिला मजिस्ट्रेट अंद्रा वामसी की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है। इस संबंध में जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि मा. उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के आदेशानुसार जिला स्तरीय एंटी रैगिंग समिति का गठन किया गया है। इसमें एडीएम कमलेश चन्द्र, सदस्य सचिव बनाये गये है। समिति में पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी, एपीएनपीजी कालेज के प्राचार्य डा. अभय प्रताप सिंह, प्रेसक्लब अध्यक्ष विनोद उपाध्याय, नेशनल एसोसिएशन आफ यूथ के अध्यक्ष भावेश कुमार पाण्डेय, एपीएनपीजी कालेज के अध्यक्ष आदित्य विक्रम सिंह तथा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली विजय कुमार दुबे सदस्य नामित किये गये है। उन्होने बताया कि समिति के सदस्य आपस में समन्वय स्थापित कर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा रैगिंग के संकट को रोकने व खतम करने के लिए प्रभावी पर्यवेक्षण किया जायेगा।

# कोई कहे न कहे, हम कहते हैं, आप लोग हमारा ही खून -बृजभूषण शरण सिंह



**संवाददाता–गोण्डा।** उत्तर प्रदेश की कैसरगंज सीट से भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह बेटे करण भूषण सिंह बीजेपी से मैदान में है। यहां बेटे को जिताने के लिए सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने पूरी ताकत झोंक दी है। बृजभूषण शरण कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र में प्रचार कर लोगों से संपर्क कर पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। इस बीच अल्पसंख्यक संवाद कार्यक्रम में सांसद बृजभूषण शरण ने एक बयान दिया है। उन्होंने कहा कि कोई कहे या न कहे, हम कहते है कि आप हमारा ही खून खून हैं। कोई डीएनए करा ले तो पांच पीढ़ी पहले हम एक ही निकलेंगे। आपके लिए हम बदनाम हैं और आप हमारे लिए बदनाम हैं, इसलिए बो तो पक्ष में बो नहीं तो न बो, कम से कम फायदा न करो तो नुकसान न करो। मैं आपका अहसानमंद रहूंगा। हर सुख दुख में आपके साथ खड़ा रहूंगा। वो लोग न आए हैं न आएंगे। हमारा आपका मिलना बढ़ेगा और भाईचारा बढ़ेगा। आपको बता दें कि भाजपा ने अबकी बार कैसरगंज से उन्हें मैदान में न उतारकर उनके छोटे बेटे करण भूषण सिंह पर दांव लगाया है। 26 साल बाद संसदीय चुनाव के इतिहास में यह पहला मौका होगा जब चुनावी रण में बृजभूषण शरण नहीं होंगे। छात्र राजनीति में अपना दबदबा कायम करने के बाद 1991 में बृजभूषण शरण सिंह पहली बार गोण्डा से लोकसभा का चुनाव भाजपा के टिकट पर लड़े और जीत हासिल की। 1971 के बाद मनकापुर राजघराने की इस सीट पर उन्होंने बादशाहत समाप्त की। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। हालांकि, 1996 में टाडा मामले में जेल बंद होने पर उनकी पत्नी केतकी सिंह ने भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ा और जीत भी हासिल की। 1998 में वह भाजपा के टिकट के चुनाव लड़े लेकिन सपा के कीर्तिवर्धन सिंह ने उन्हें शिकस्त दे दी। 1999 में एक बार फिर बृजभूषण ने इस सीट पर अपनी वापसी की और भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़कर विजय श्री प्राप्त करने में सफल रहे।

# एसएसटी, पुलिस चेकिंग में कार से बरामद हुई 51 लाख रूपये



**संवाददाता–बहराइच।** संसदीय चुनावों के मद्देनजर मतदान को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन की और से गठित एसएसटी पुलिस के साथ लगातार चेकिंग कर रही है। रुपईडीहा कस्बे के पास चेकिंग के दौरान टीम ने एक कार से 51 लाख नकदी बरामद की है। कार सवार नकदी के संबंध कोई ब्यौरा नहीं दे सके। बरामद धनराशि को सीज कर दिया गया है।

बहराइच– रुपईडीहा मार्ग पर स्थित राणा पेट्रोल पंप के पास बैरियर पर एसएसटी मजिस्ट्रेट कर्मवीर पुलिस उप निरीक्षक प्रकाश सरोज व सिपाहियों के साथ गुरुवार को वाहनो की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक हुंडई कार को चेकिंग के लिए रोका गया, तो कार की पिछली सीट के नीचे एक बोरी में रक्खे 51 लाख 500 रुपए बरामद हुए। एसएसटी के मजिस्ट्रेट कर्मवीर सिंह ने बताया कि बरामद धनराशि के संबंध में जब कार सवार रवि कुमार गुप्ता व धनाजी शिंदे निवासी काजीपुरा से जानकारी प्राप्त की गई, तो वो लोग कोई भी वैध प्रपत्र नहीं दिखा सके। बरामद धनराशि की वीडियो ग्राफी कराकर आयकर विभाग को सूचना देते हुए सीज कर दिया गया है।

डाक पंजीकरण संख्या बी.एस.टी.62 R.N.I. 40367/84

साप्ताहिक
आवाज दर्पण
प्रत्येक रविवार

स्वत्वाधिकारी भारतीय बस्ती प्रकाशन की ओर से प्रकाशक एवं सम्पादक दिनेश चन्द्र पाण्डेय द्वारा 70 नया हाल जिला परिषद भवन गांधीनगर बस्ती (उ.प्र.) से प्रकाशित और मुद्रक प्रदीप चन्द्र पाण्डेय द्वारा दर्पण प्रिन्टिंग प्रेस 70 नया हाल जिला परिषद भवन गांधीनगर बस्ती (उ.प्र.) से मुद्रित।
सम्पादक–दिनेश चन्द्र पाण्डेय
प्रबन्ध सम्पादक–दिलीप चन्द्र पाण्डेय

मो.०९४५०५९७४५०
Email- Awazdarpan@yahoo.com